

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर, गुरुवार 5 फरवरी 2026 ■ फाल्गुन कृष्ण पक्ष-4 ■ वर्ष -41 ■ अंक-305 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 6 फरवरी 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये


## जयशंकर को बिना पलक झपकाए सुनते रहे 55 देश

### दुर्लभ खनिज के खेल का सक्रिय खिलाड़ी बनेगा भारत



**वाशिंगटन,5 फरवरी।** भारत और अमेरिका के बीच हाल में हुए व्यापार समझौते के बाद दोनों देश अब रणनीतिक संसाधनों के मोर्चे पर भी कदमताल तेज करते दिख रहे हैं। बदलती वैश्विक व्यवस्था में अति महत्वपूर्ण खनिजों को लेकर जिस तरह प्रतिस्पर्धा और चिंता बढ़ी है, उसने बड़े देशों को नई साझेदारियां गढ़ने पर मजबूर कर दिया है। ऐसे समय में भारत की सक्रिय भागीदारी यह संकेत देती है कि वह भविष्य की प्रौद्योगिकी, ऊर्जा और औद्योगिक ढांचे से जुड़े संसाधनों की दौड़ में पीछे नहीं रहना चाहता, बल्कि नियम बनाने वालों में शामिल होना चाहता है। हम आपको बता दें कि अति महत्वपूर्ण खनिजों पर दुनिया भर में तेज होती खींचतान के बीच भारत ने साफ संकेत दे दिया है कि वह अब इस खेल का सक्रिय खिलाड़ी बनेगा। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने वाशिंगटन में आयोजित मंत्रीस्तरीय बैठक में दो टूक कहा कि कुछ गिने चुने देशों में अति महत्वपूर्ण खनिजों का अत्यधिक केंद्रीकरण पूरी दुनिया की आर्थिक और प्रौद्योगिकीय सुरक्षा के लिए गम्भीर खतरा है। उन्होंने आपूर्ति श्रृंखलाओं से जोखिम घटाने और उन्हें विविध बनाने के लिए सुनियोजित अंतरराष्ट्रीय सहयोग पर जोर दिया।

बैठक की मेजबानी अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने की। इसमें 55 देशों के प्रतिनिधि जुटे, जिससे यह साफ हुआ कि खनिज अब केवल औद्योगिक जरूरत नहीं, बल्कि सामरिक शक्ति का आधार बन चुके हैं। जयशंकर ने कहा कि अत्यधिक केंद्रीकरण और असंतुलित आपूर्ति व्यवस्था आने वाले समय में दुनिया को असुरक्षित बना सकती है, इसलिए साझेदारी आधारित ढांचा जरूरी है। भारत ने अपने कदम भी गिनाए। विदेश मंत्री ने बताया कि देश ने राष्ट्रीय अति महत्वपूर्ण खनिज अभियान शुरू किया है, दुर्लभ मृदा तत्व गलियारों के विकास पर काम हो रहा है और जिम्मेदार व्यापार को बढ़ावा दिया जा रहा है। भारत ने खनिज आपूर्ति सहयोग से जुड़ी एक बहुपक्षीय पहल का भी समर्थन जताया, जिसका लक्ष्य सहभागी देशों के बीच खोज, खनन और प्रसंस्करण में तालमेल बढ़ाना है। वाशिंगटन प्रवास के दौरान जयशंकर ने मार्को रुबियो से अलग मुलाकात कर खनिज खोज, खनन और प्रसंस्करण में द्विपक्षीय सहयोग को औपचारिक रूप देने पर चर्चा की। दोनों पक्षों ने व्यापार, ऊर्जा, परमाणु, रक्षा, अति महत्वपूर्ण खनिज और प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने पर सहमति जताई। साझा हितों को गति देने के लिए विभिन्न तंत्रों की जल्द बैठक कराने पर भी सहमति बनी। अमेरिकी पक्ष ने बताया कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच हुए व्यापार समझौते का दोनों मंत्रियों ने स्वागत किया। इस समझौते के तहत पारस्परिक शुल्क में कमी का रास्ता खुला है, जिससे व्यापारिक माहौल को बल मिलने की उम्मीद है। दोनों नेताओं ने इस बात पर जोर दिया कि लोकतांत्रिक देश मिलकर नई आर्थिक संभावनाएं खोल सकते हैं और ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत कर सकते हैं।



## 2.40 करोड़ के इनामी नक्सली रमन्ना का स्मारक जवानों ने किया ध्वस्त

**सुकमा, 5 फ़रवरी ।** जिले के गोगुंडा के जंगल में बने कुख्यात नक्सली रमन्ना का स्मारक जवानों ने ध्वस्त कर दिया। सीआरपीएफ की 74वीं बटालियन के कमांडेंट हिमांशु पांडे के निर्देश पर नक्सल विरोधी अभियान के लिए गोगुंडा के जंगलों की ओर रवाना हुए थे, सर्चिंग के दौरान जवानों को जंगल में एक नक्सली स्मारक नजर आया, जिस नक्सली स्मारक को ध्वस्त किया गया, वह किसी सामान्य व्यक्ति का नहीं था। यह स्मारक कुख्यात नक्सली रमन्ना का था, जिसका नाम कभी तेलंगाना, ओडिशा और छत्तीसगढ़ में खौफ का दूसरा नाम माना जाता था। तेलंगाना के वारंगल का रहने वाला रमन्ना नक्सलियों की सेंट्रल कमेटी का सचिव रहा था। उस पर तीन राज्यों में कुल 2.40 करोड़ रुपये का इनाम घोषित था। दिसंबर 2019 में उसकी मृत्यु की खबर आई, लेकिन उसकी विचारधारा और नेटवर्क का असर लंबे समय तक महसूस किया गया। इसी प्रभाव को बनाए रखने के लिए नक्सली संगठन ने ऐसे स्मारकों को खड़ा किया ताकि डर जिंदा रहे, और असर कायम रहे।

### मुठभेड़ में 1 नक्सली ढेर एके-47 बरामद

**बीजापुर, 5 फ़रवरी ।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ चल रही है, अब तक 1 नक्सली का शव एवं एके-47 हथियार मौके से बरामद किया गया है I मौके से एक ऑटोमेटिक एके-47 राइफल बरामद की गई है। मिली जानकारी के अनुसार दक्षिण बस्तर के पेद्दागेलूर जंगल क्षेत्र में डीआरजी और सीआरपीएफ कोबरा के जवान मोर्चा संभाले हुए हैं। फिलहाल, इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी है। विश्वस्त सूत्रों के अनुसार मुठभेड़ में मिला एक पुरूष नक्सली का शव डीव्हीसीएम कैडर का नक्सली कमांडर उधम सिंह का बताया जा रहा है। उधम सिंह लाटून नंबर 30 का कमांडर था, और वह जागूरगुंडा एरिया कमेटी का कमांडर भी है।

## लोकसभा में हंगामे के बीच धन्यवाद प्रस्ताव पास

### विपक्ष के शोर में पीएम मोदी नहीं दे पाए जवाब



**नई दिल्ली,5 फरवरी।** संसद के निचले सदन ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पारित कर दिया। हालांकि विपक्षी सदस्यों द्वारा नारेबाजी से कार्यवाही बार-बार बाधित हुई, जिसके बाद सदन को दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया। विपक्ष की लगातार नारेबाजी के बीच, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने ध्वनि मत का आग्रह किया, जिसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निचले सदन में संबोधन के बिना ही प्रस्ताव पारित हो गया। प्रधानमंत्री मोदी से बुधवार को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का उत्तर देने की अपेक्षा की जा रही थी; लेकिन विपक्षी सदस्यों द्वारा बार-बार व्यवधान और नारेबाजी के बाद, अध्यक्ष ने लोकसभा को स्थगित कर दिया। प्रधानमंत्री के आज बाद में राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर बोलने की उम्मीद है। इस बीच, गुरुवार को उच्च सदन के एकत्रित होने के तुरंत बाद, राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने आपत्ति जताते हुए आरोप लगाया कि "दूसरे सदन" में विपक्ष के नेता को बोलने नहीं दिया जा रहा है। इस आरोप का जवाब देते हुए राज्यसभा के नेता और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि लोकसभा में दूसरे सदन की कार्यवाही पर चर्चा नहीं की जा सकती। खरगे ने जोर देकर कहा कि दूसरे सदन में विपक्ष के नेता "सरकार की गलतियों को उजागर करना" चाहते हैं और इससे सत्ता पक्ष के सदस्यों में परेशानी हो रही है। उनका खंडन करते हुए नड्डा ने कहा कि सरकार सभी मुद्दों पर चर्चा के लिए तैयार है, लेकिन उन्होंने खर्गे से कहा कि वे अपनी पार्टी को अज्ञानी और अहंकारी व्यक्ति का बंधक न बनाएं। खरगे ने नड्डा की टिप्पणी की निंदा की और आरोप लगाया कि भाजपा सदस्यों पर संसद में बोलने को लेकर दबाव डाला जा रहा है। संसद के उच्च सदन में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खर्गे और भाजपा नेताओं के बीच तीखी बहस हुई, जब कांग्रेस सांसद ने आरोप लगाया कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को बोलने नहीं दिया गया। विपक्ष केंद्र सरकार के खिलाफ राहुल गांधी को निचले सदन को संबोधित करने से कथित तौर पर रोकने के लिए विरोध प्रदर्शन कर रहा है, जिसमें पूर्व सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवणे के 2020 के चीन गतिरोध पर लिखे गए अप्रकाशित संस्मरण का हवाला दिया गया है।

## गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित किया जाए: मौलाना

**नई दिल्ली,5 फरवरी।** गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग एक बार फिर राष्ट्रीय बहस के केंद्र में है। इस बार यह मुद्दा इसलिए और अधिक चर्चा में आ गया है क्योंकि हिंदू धर्मगुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद की इस मांग को मुस्लिम धर्मगुरु और ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने सार्वजनिक रूप से समर्थन दिया है। मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग केवल किसी एक धर्म या समुदाय की भावना से जुड़ा विषय नहीं है, बल्कि यह मानव स्वास्थ्य, सामाजिक शांति और नैतिक जिम्मेदारी से जुड़ा प्रश्न है। उन्होंने इस संदर्भ में पैगंबर मोहम्मद साहब की हदीस का हवाला देते हुए कहा कि गाय का दूध स्वास्थ्य के लिए अमृत के समान बताया गया है। मौलाना के अनुसार, हदीस में गाय के दूध को लाभकारी, औषधीय और शरीर को शक्ति देने वाला बताया गया है, जबकि इसके मांस को बीमारियों से जोड़कर देखा गया है। मौलाना शहाबुद्दीन का कहना है कि जब धार्मिक ग्रंथों में गाय के संरक्षण और उसके उत्पादों के लाभ की चर्चा मिलती है,

## सुरक्षा बल के जवानों ने बरामद किए माओवादियों के हथियार

**सुकमा,5 फरवरी।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में नक्सलियों के सबसे सुरक्षित माने जाने वाले 'गढ़' गोगुंडा में सुरक्षाबलों का ऑपरेशन लगातार दूसरे दिन भी जारी है. आज गुरुवार को सीआरपीएफ 74वीं बटालियन और कोबरा 201 के जवानों ने एक संयुक्त कार्रवाई में नक्सलियों के हथियारों के डंप को बरामद कर उनकी बड़ी साजिश को नाकाम कर दिया है.

जानकारी के अनुसार, सुरक्षाबल इलाके में सर्चिंग और एरिया डोमिनेशन पर निकले थे. इसी दौरान गोगुंडा पहाड़ के दूसरे छोर पर जवानों को नक्सलियों द्वारा छिपाया गया हथियारों का एक बड़ा डंप मिला. तलाशी के दौरान वहां से 5 किलो वजनी एक शक्तिशाली बम भी बरामद किया गया. नक्सलियों ने यह बम जवानों को नुकसान पहुंचाने के इरादे से लगाया था, जिसे बम निरोधक दस्ते ने सूझबूझ दिखाते हुए मौके पर ही सुरक्षित तरीके से निष्क्रिय कर दिया.

## मंगल कार्बन प्लांट में ब्लास्ट: 9 माह के मासूम समेत 8 मजदूर झुलसे



**रायगढ़,5 फरवरी।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले के खरसिया स्थित मंगल कार्बन प्लांट में गुरुवार को एक बड़ा हादसा हो गया. टायर रिसाइक्लिंग के दौरान बॉयलर में हुए जोरदार धमाके ने प्लांट परिसर को दहला दिया. इस दर्दनाक हादसे में 8 मजदूर गंभीर रूप से झुलस गए हैं, जिनमें एक 9 महीने का मासूम बच्चा भी शामिल है. घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है. यह पूरा मामला खरसिया थाना क्षेत्र के बानीपाथर का है. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, धमाका इतना शक्तिशाली था कि इसकी गूंज दूर तक सुनी गई. टायर गलाने की प्रक्रिया के दौरान अचानक हुए इस ब्लास्ट से निकली गर्म गैस और आग ने आसपास काम कर रहे मजदूरों को अपनी चपेट में ले लिया. वहां मौजूद लोग जब तक कुछ समझ पाते, तब तक 8 लोग बुरी तरह झुलस चुके थे. हादसे के तुरंत बाद सभी घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया. डॉक्टरों के मुताबिक, घायलों की स्थिति बेहद चिंताजनक है. कई मजदूर 70 से 80 प्रतिशत तक झुलस चुके हैं. विशेष रूप से 9 महीने के मासूम की स्थिति बेहद चिंताजनक है. प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, प्लांट में पुराने टायरों को गलाकर कार्बन बनाने (रिसाइक्लिंग) का काम चल रहा था. आशंका जताई जा रही है कि बॉयलर के भीतर दबाव अधिक बढ़ने या किसी तकनीकी खामी की वजह से यह विस्फोट हुआ. पुलिस और तकनीकी टीम इस बात की बारीकी से जांच कर रही है कि आखिर यह ब्लास्ट कैसे हुआ.

## भोरमदेव में जल्द शुरू होगी जंगल सफारी

**कवर्धा,5 फरवरी।** कबीरधाम जिले में स्थित ऐतिहासिक भोरमदेव अभ्यारण्य में शीघ्र ही जंगल सफारी की शुरुआत की जाएगी। वन विभाग ने इसकी तैयारियां पूरी कर ली है। इस पहल से न केवल ईको-टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि वन्यजीव संरक्षण के प्रति आम लोगों में जागरूकता भी बढ़ेगी। सफारी के दौरान पर्यटकों को करीब 17 बार नदी पार करने का रोमांचक अनुभव मिलेगा। वन विभाग द्वारा तैयार की गई योजना के तहत भोरमदेव अभ्यारण्य में लगभग 34 किलोमीटर लंबा जंगल सफारी मार्ग विकसित किया गया है। सफारी के दौरान पर्यटक गौर, चीतल, सांभर, भालू और जंगली सुअर जैसे वन्यप्राणियों को उनके प्राकृतिक आवास में नजदीक से देख सकेंगे। यह मार्ग मैकल पर्वतमाला के घने जंगलों से होकर गुजरता है, जो प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर है।

इस जंगल सफारी की सबसे बड़ी खासियत सकरी नदी मार्ग है। सफारी के दौरान पर्यटकों को करीब 17 बार नदी पार करने का रोमांचक अनुभव मिलेगा। यह अनोखा सफर रोमांच और प्रकृति प्रेमियों दोनों के लिए खास आकर्षण साबित होगा। इस परियोजना में स्थानीय ग्रामीणों की सहभागिता को प्राथमिकता दी गई है। सफारी वाहनों का संचालन वन प्रबंधन समिति थंवरझोल द्वारा किया जाएगा, जिससे क्षेत्र के ग्रामीणों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

### जयरामनगर रेलवे फाटक 15 फरवरी से 20 मार्च तक रहेगा बंद

बिलासपुर,5 फरवरी। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के अंतर्गत जयरामनगर स्टेशन यार्ड में स्थित मानव सहित समपार संख्या-360 पर सड़क मरम्मत एवं ओवरहॉलिंग कार्य किया जाना है। रेलवे प्रशासन द्वारा बेहतर एवं सुरक्षित सड़क आवागमन सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह कार्य किया जा रहा है। इसके चलते जयरामनगर समपार 15 फरवरी 2026 से 20 मार्च 2026 तक सड़क यातायात के लिए पूर्णतः बंद रहेगा रेलवे प्रशासन ने बताया कि मरम्मत कार्य के दौरान आम नागरिकों की सुविधा के लिए वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध कराए गए हैं।

## हथियारों के साथ 12 माओवादियों ने किया सरेंडर, 54 लाख रुपए घोषित था इनाम

**बीजापुर।** जिले में नक्सल विरोधी अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। सरकार की महत्वाकांक्षी योजना "नियद नेल्लानार" और पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर एक डीवीसीएम सहित कुल 12 सशस्त्र माओवादियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। आत्मसमर्पण करने वालों में 08 महिला माओवादी और 04 पुरुष माओवादी शामिल हैं। इन सभी माओवादियों पर कुल 54 लाख रुपये का इनाम घोषित था। आत्मसमर्पण के दौरान माओवादियों ने अपने साथ एक AK-47 और दो SLR राइफल भी पुलिस को सौंपे। पुलिस अधिकारियों के अनुसार आत्मसमर्पण करने वाले सभी 12 माओवादी फायरिंग, आईईडी ब्लास्ट, आगजनी सहित कई गंभीर नक्सली घटनाओं में शामिल रहे हैं। यह आत्मसमर्पण बस्तर आईजी पी. सुंदरराज, सीआरपीएफ डीआईजी देवेंद्र सिंह नेगी, पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेंद्र यादव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यूलेण्डन यार्क, डीएसपी शरद जायसवाल, उप पुलिस अधीक्षक विनीत साहू सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में हुआ। आत्मसमर्पण करने वाले सभी माओवादियों को शासन की पुनर्वास नीति के तहत अधिकारियों ने प्रत्येक को 50-50 हजार रुपये की नगद सहायता राशि प्रदान की।

## भारतनेट प्रोजेक्ट पर कानूनी विवाद

**बिलासपुर,5 फरवरी।** प्रदेश में गांव-गांव तक इंटरनेट पहुंचाने वाली भारतनेट परियोजना को लेकर बड़ा कानूनी विवाद सामने आया है। इस मामले में टाटा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड की ओर से दायर याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। कंपनी ने अदालत से मध्यस्थता ट्रिब्यूनल के गठन के लिए दूसरे पंच की नियुक्ति की मांग की है। यह मामला करीब 3056 करोड़ रुपये की भारतनेट फेज-2 परियोजना से जुड़ा है, जिसके तहत राज्य के लगभग 6 हजार ग्राम पंचायतों को ऑप्टिकल फाइबर के जरिए हाई-स्पीड इंटरनेट से जोड़ना था। साल 2018 में छत्तीसगढ़ इन्फोटेक प्रमोशन सोसायटी (चिप्स) और टाटा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड के बीच एक समझौता हुआ था। इस समझौते के तहत टाटा कंपनी को फाइबर केबल बिछाने, नेटवर्क तैयार करने और लंबे समय तक उसके संचालन व रखरखाव की जिम्मेदारी दी गई थी। टाटा प्रोजेक्ट्स का कहना है कि परियोजना को तय समय में पूरा करने में कई बाधाएं आईं, जो उसके नियंत्रण से बाहर थीं। कंपनी के अनुसार, कई जगह खुदाई की अनुमति समय पर नहीं मिली और किए गए काम का भुगतान समय पर नहीं हुआ।

एकतरफा तरीके से जुर्माना लगाया गया। बैंक गारंटी भुना ली गई। ऑपरेशन और मेंटेनेंस का काम शुरू नहीं कराया गया, इन सब कारणों से परियोजना में भारी देरी हुई और कंपनी को अतिरिक्त खर्च उठाना पड़ा। कंपनी का कहना है कि लगातार विवाद और सहयोग न मिलने के कारण उसने मई 2025 में अनुबंध समाप्त कर दिया। इसके बाद विवाद सुलझाने के लिए कंपनी ने मध्यस्थता प्रक्रिया शुरू की और एक सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीश को पंच नियुक्त किया। लेकिन राज्य की ओर से दूसरा पंच नियुक्त नहीं किया गया। इसी वजह से टाटा प्रोजेक्ट्स ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की। छत्तीसगढ़ सरकार और चिप्स ने टाटा की याचिका का विरोध किया। सरकार की ओर से कहा गया कि यह परियोजना वर्क्स कॉन्ट्रैक्ट की श्रेणी में आती है। ऐसे मामलों में विवाद का निपटारा छत्तीसगढ़ मध्यस्थम् अधिकरण अधिनियम, 1983 के तहत ही होगा। सामान्य मध्यस्थता कानून (1996) यहां लागू नहीं होता। सरकार ने यह भी कहा कि टाटा प्रोजेक्ट्स अकेले याचिका नहीं दायर कर सकती, क्योंकि यह काम एक कंसोर्टियम के जरिए किया जा रहा था और अन्य साझेदारों की अनुमति नहीं ली गई। I है।

### उधमपुर में जैश के 2 आतंकी ढेर

श्रीनगर,5 फरवरी। जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी मिली है। यहां सुरक्षाबलों ने जैश-ए-मोहम्मद (JeM) के 2 आतंकवादियों को मार गिराया है। बताया जा रहा है कि कल से मुठभेड़ जारी थी, जिसमें एक आतंकवादी को गोली लग गई थी। इसके बाद दोनों आतंकवादी गुफा में छिपकर बैठे हुए थे, जिन्हें सुरक्षाबलों ने आज मार गिराया है। रिपोर्ट के मुताबिक, इलाके में अभी भी सेना का तलाशी अभियान जारी है।

## प्रदेश में खुलेंगे 4 नए उप पंजीयक कार्यालय

**रायपुर,5 फरवरी।** प्रदेश में आम नागरिकों को रजिस्ट्री एवं पंजीयन से जुड़ी सेवाएं सहज, सुलभ और समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराने की दिशा में राज्य सरकार ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है. रजिस्ट्रीकरण अधिनियम–1908 के प्रावधानों के तहत भखारा (जिला धमतरी), लवन (तहसील मुख्यालय, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा), सकरी एवं राजकिशोर नगर (बिलासपुर) में चार नवीन उप पंजीयक कार्यालय खोलने के लिए प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है. प्राप्त जानकारी के अनुसार धमतरी जिला के भखारा में नवीन उप पंजीयक कार्यालय खोलने हेतु प्रशासकीय स्वीकृत दी गई है. इसी प्रकार जिला पंजीयक बलौदाबाजार-भाटापारा के अंतर्गत तहसील मुख्यालय लवन और बिलासपुर जिले के राजकिशोर नगर एवं सकरी में उप पंजीयक कार्यालय खोलने प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान किया गया है. इन नए उप पंजीयक कार्यालयों के खुलने से संबंधित क्षेत्रों के नागरिकों को रजिस्ट्री कार्य के लिए दूरस्थ जिला मुख्यालयों तक नहीं जाना पड़ेगा. इससे समय और धन की बचत होगी, भीड़ कम होगी तथा पंजीयन प्रक्रिया अधिक सुगम और पारदर्शी बनेगी. साथ ही स्थानीय स्तर पर आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा और प्रशासनिक कार्यों में गति आने की भी संभावना है. मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य है कि शासन की सेवाएं आम नागरिकों तक उनके निकटतम स्तर पर उपलब्ध हों. नए उप पंजीयक कार्यालयों की स्वीकृति से लोगों को पंजीयन संबंधी कार्यों में बड़ी राहत मिलेगी. यह निर्णय सुशासन की दिशा में एक और सशक्त कदम है, जिससे नागरिकों का समय बचेगा और प्रशासनिक प्रक्रियाओं में पारदर्शिता बढ़ेगी.




वित्त एवं वाणिज्य कर पंजीयन मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी ने कहा कि राज्य हमारी सरकार नागरिक सुविधाओं के विस्तार को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है.चार नए उप पंजीयक कार्यालयों की स्वीकृति इसी सोच का परिणाम है. नए उप पंजीयक कार्यालय खुलने से पंजीयन व्यवस्था मजबूत होगी और लोगों को उनके क्षेत्र में ही गुणवत्तापूर्ण सेवाएं मिल सकेंगी, जिससे प्रक्रिया सरल, पारदर्शी और त्वरित होगी. उन्होंने बताया कि पंजीयन विभाग द्वारा 10 नए क्रांतिकारी सुधार लागू किए गए हैं, जिनका लाभ इन क्षेत्रों के नागरिकों को भी मिलेगा. इनमें ऑटो डीड जनरेशन, आधार आधारित बायोमेट्रिक सत्यापन, घर बैठे रजिस्ट्री, स्वतः नामांतरण, ऑनलाइन भारमुक्त प्रमाणपत्र, एकीकृत कैशलेस भुगतान, व्हाट्सएप आधारित सेवाएं, डिजीलॉकर एकीकरण, डिजी-डॉक सेवा तथा खसरा नंबर के माध्यम से ऑनलाइन सर्च एवं रजिस्ट्री डाउनलोड की सुविधा शामिल है.

# कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने नव वर्ष मिलन समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों का सम्मान किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**उतई, 5 फरवरी।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फ़ेडरेशन, पाटन के तत्वावधान में आज स्थानीय विश्राम गृह (रेस्ट हाउस) पाटन में 'नव वर्ष मिलन एवं सम्मान समारोह' का गरिमामय आयोजन किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कमल वर्मा प्रांतीय संयोजक, छ.ग. कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन एवंअध्यक्ष, छ.ग. राजपत्रित अधिकारी संघ, अध्यक्षता राजेश चटर्जी संभाग प्रभारी, छ.ग. कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन एवं प्रांताध्यक्ष, छ.ग. प्रदेश शिक्षक संघ विशिष्ट अतिथि चंद्रशेखर चन्द्राकर प्रांतीय उपाध्यक्ष छ ग शिक्षक फेडरेशन, जागेन्द्र साहू मुख्यकार्यपालन अधिकारी पाटन थे। कार्यक्रम में स्वागत भाषण फेडरेशन के संगठनात्मक जानकारी महेन्द्र कुमार साहू संयोजक, कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन पाटन एवं अध्यक्ष, पंचायत सचिव संघ जिला दुर्ग, आभार टिकेन्द्र नाथ वर्मा संरक्षक व संचालन ललित बिजौरा प्रांतीय सह प्रवक्ता ने किया। समारोह का मुख्य उद्देश्य नए वर्ष की शुभकामनाओं के साथ कर्मचारियों के मध्य आपसी समन्वय और एकता को मजबूत करना था। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती के तैलचित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुई।

मुख्य अतिथि कमल वर्मा अपने उद्बोधन में कहा कि कर्मचारी हितों की रक्षा और शासकीय कार्यों को पारदर्शिता के साथ पूरा करने के संकल्प को दोहराया।इस अवसर पर फेडरेशन द्वारा उन कर्मचारी और अधिकारियों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया, जिन्होंने पिछले वर्ष अपने दायित्वों का उत्कृष्ट निर्वहन किया।मिलन समारोह में चर्चा के साथ-साथ संवाद का दौर भी चला, जिससे विभाग के भीतर एक सकारात्मक कार्य वातावरण निर्मित करने में मदद मिली। फेडरेशन के पदाधिकारियों ने कहा कि ऐसे आयोजनों से काम का तनाव कम होता है और टीम भावना विकसित होती है। यह आयोजन केवल एक समारोह नहीं, बल्कि हमारे फेडरेशन की एकता का प्रतीक है। हम नए वर्ष में नई ऊर्जा के साथ जनता की सेवा और अपने अधिकारों के लिए सजग रहेंगे।÷ मुख्य रूप से हेमंत कुमार वर्मा मुख्य नगर पालिका अधिकारी व संरक्षक, कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन पाटन, श्वेता यादव- अति. मुख्य कार्यपालन अधि. ज.पं. पाटन व सलाहकार, कम. 'अधि. फेडरेशन छाया वर्मा- परियोजना अधिकारी, महिला बाल विकास विभाग पाटन सदस्य एवं अन्य पदाधिकारी

भानुप्रताप यादव, जिला मीडिया प्रभारी,श्रीमती रोशनी धुरंधर सदस्य कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन पाटन, चंचल द्विवेदी कार्यकारी जिला अध्यक्ष, छ.ग. प्रदेश शिक्षक फेडरेशन जिला दुर्ग,गिरधर वर्मा- कोषाध्यक्ष,

वरूण साहू सचिव,पूर्णनेंद्र बंछोर शिक्षा विभाग,कन्हैया लाल मन्नाड़े अध्यक्ष, आंतरिक लेखा परीक्षण एवं करा. अधि. संघ,प्रमेश साहू ब्लॉक कृषि स्नातक शाखा कृषि अधि. संघ, प्रदीप चन्द्राकर, अध्यक्ष, पंचायत सचिव संघ पाटन, हीरा सिंह वर्मा अध्यक्ष, पेंशनर समाज पाटन, देवेन्द्र कुमार साहू- जिला कार्यकारिणी सदस्य, छ.ग. प्रदेश शिक्षक फेडरेशन दुर्ग,यशवन्त आडिल,धीरेंद्र कौशक, नरेश पटेल,प्रवीण शर्मा,भुनेश्वर गजपाल,युगल ठाकुर, देवकुमार वर्मा, छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फ़ेडरेशन, पाटन के पदाधिकारी, सदस्य उपस्थित रहे।

## समाचार संक्षेप

### सीएपीएफ में चयनित युवाओं का डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने किया सम्मान



**कवर्धा, 5 फरवरी (तछसं.)।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने कवर्धा में एसएससी जीडी परीक्षा के माध्यम से सीएपीएफ में चयनित 14 युवाओं को सम्मानित किया। इन युवाओं का चयन सीआरपीएफ, बीएसएफ, आईटीबीपी, सीआईएसएफ और एसएसबी जैसी केंद्रीय सुरक्षा बलों में हुआ है। यह सम्मान समारोह कवर्धा के स्वामी करपात्री जी आउटडोर स्टेडियम में आयोजित किया गया, जहाँ उप मुख्यमंत्री ने चयनित युवाओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, जनपद अध्यक्ष श्रीमती सुषमा गणपत बघेल, उपाध्यक्ष गणेश तिवारी, नरेंद्र मानिकपुरी, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि मनिराम साहू, जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष उमंग पाण्डेय, निर्मल द्विवेदी, निशांत झा, शानू साहु सहित जनप्रतिनिधि, चयनित युवा उपस्थित थे। उप मुख्यमंत्री ने चयन प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले कोच आरक्षक 17 वी बटालियन श्री सुनील सरोज की सराहना करते हुए कहा कि वे छात्रों के सपनों को अपना लक्ष्य मानकर दिन-रात मेहनत करते हैं। उनके प्रयासों के कारण ही आज इतने युवाओं का चयन संभव हो पाया है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे मेहनती और समर्पित लोगों का सम्मान होना चाहिए। कोच आरक्षक 17 वीं बटालियन के सुनील सरोज ने बताया कि सीएपीएफ में 14 युवाओं का चयन हुआ है इनमें गौप्रताप साहू, सोनू खरे, संजय कुमार, चुम्मन कुमार, दिव्यांश भारती, निलेश चेलकर, चंद्रभान गोयल, अजय कुमार साहू, अभिषेक ध्रुव, देवराज ध्रुव, गजानंद मात्रे, दुर्गेश कुमार, बलराम धुर्वे, शुभांशु चंद्रवंशी शामिल है ।

### माता कौशल्या राष्ट्रीय पुरस्कार शुरू करने की मांग



**भिलाई, 5 फरवरी।** मध्य प्रदेश के कालिदास राष्ट्रीय पुरस्कार की तर्ज पर छत्तीसगढ़ में भी माता कौशल्या राष्ट्रीय पुरस्कार शुरू करने की मांग संस्कृति सचिव डॉ. रोहित यादव से की गई। इस अवसर पर राज्य के प्रख्यात मॉडर्न आर्ट चित्रकार डी.एस. विद्यार्थी एवं बी.एल. सोनी, वरिष्ठ साहित्यकार मेनका वर्मा, फोटोग्राफर प्रवीण कालमेघ, गुंजन शर्मा तथा छत्तीसगढ़ से ललित कला अकादमी, नई दिल्ली के प्रथम बोर्ड सदस्य डॉ. अंकुश देवांगन विशेष रूप से उपस्थित थे।

### पोस्टर मेकिंग स्पर्धा में वंशिका प्रथम



**रायपुर, 5 फरवरी।** सावित्रीबाई फूले जन्म जयंती एवं राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में बोरिया कला स्कूल के विद्यार्थियों की शानदार सफलता सावित्रीबाई फूले जन्म जयंती के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय सम्मान समारोह के अंतर्गत पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में बोरिया कला स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। प्रतियोगिता में छात्रा वंशिका ने प्रथम स्थान तथा छात्र ऋषव रात्रे ने तृतीय स्थान प्राप्त किया इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की मेहनत, रचनात्मकता एवं व्याख्याता श्रीमती दिव्या त्रिपाठी के कुशल मार्गदर्शन को जाता है। उनके निर्देशन में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया।विद्यालय परिवार ने सभी विजेता विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा आगे भी इसी प्रकार सफलता अर्जित करने के लिए प्रेरित किया ।

## एक नजर

### ठेकेदार के घर लाखों की चोरी

**भिलाई,5 फरवरी।** बिल्डिंग ठेकेदार के घर में लाखों रुपए की चोरी चोरी को अंजाम दिया है चोरों ने सोने-चांदी के जेवर और बड़ी रकम के कैश चोरी कर लिए यह मामला अमलेश्वर थाना इलाके की है पीड़ित की शिकायत पर अमलेश्वर थाने पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है घटना सीसीटीव फुटेज और अन्य सबूतों से आरोपियों की तलाश की जा रही है पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ भी कर रही है और जल्द ही आरोपियों को पकड़ने का दावा किया गया है पीड़ित ने चोरी हुए जेवरात से जुड़े करीब 18 बिल भी पुलिस को दिए हैं पुलिस ने चोरी हुए सामान की कीमत करीब 3,18,070 रुपए आंकी है चोरी में 34 सोने के जेवर, 14 चांदी के जेवर शामिल हैं इस के अलावा लाखों रुपए कैश की भी चोरी होने की जानकारी दी गई है घर बंद कर बाहर गए थे घूमने बिल्डिंग का काम करते हैं और घर से बाहर गए थे उनके घर में चोरी हो गई है सूचना मिलते ही वे तुरंत लौटे और देखा कि घर का सामान बिखरा हुआ था दीवारों पर पैरों के निशान देखकर लगता है कि इस चोरी में चार या उससे ज्यादा लोग शामिल थे।

### कॉपर केबल चोरी,युवक गिरफ्तार



भिलाई इस्पात संयंत्र (बीएसपी) के प्रतिबंधित क्षेत्र से स्क्रैप कॉपर केबल चोरी करने के प्रयास का मामला सामने आया है बीएसपी सुरक्षा बल सीआईएसएफ की त्वरित कार्रवाई में एक आरोपी को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया जब कि उसका साथी फरार हो गया भट्ठी टीआई प्रकाश कांत ने बताया कि एएसआई डोमाजी सातपुते (55 साल ) के औसुब इकाई बीएसपी में 3 फरवरी को प्रथम पारी जोरातराई गेट पर पारी प्रभारी के रूप में ड्यूटी पर तैनात थे इसी दौरान ओआरटी कर्मियों को हुंडई सेंट्रो कार जल भवन के पीछे प्रोपेन प्लांट के सुनसान क्षेत्र में संदिग्ध अवस्था में दिखाई दी पूछताछ के लिए पहुंचने पर वाहन चालक कार लेकर भाग निकला। पीछा करने के दौरान एसई रेलवे गेट के पास दो व्यक्ति कार छोड़कर फरार होने लगे। ओआरटी कर्मियों ने दौड़ाकर पीछा किया और एक व्यक्ति को पकड़ लिया, जबकि वाहन चालक झाड़ियों और धूल का फायदा उठाकर फरार हो गया पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम संतोष निषाद (35 साल ) निवासी स्टेशन मरोदा, उत्कल नगर बताया उसके पास कोई वैध गेट पास नहीं था पूछताछ में उसने बताया कि उसका साथी चॉकलेटी यादव कार की चाबी लेकर फरार हो गया वाहन की तलाशी लेने पर कार से स्क्रैप कॉपर केबल बरामद हुई। कार की पिछली सीट के नीचे चोरी के उद्देश्य से बनाई गई विशेष कैविटी भी पाई गई बरामद कॉपर केबल का वजन 210 किलोग्राम पाया गया।

### फरार आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई,5 फरवरी (तछसं.)।** भिलाई आबकारी प्रकरण मामले में वर्ष 2013 में फरार चल रहे एक आरोपी को कुम्हारी पुलिस ने गिरफ्तार किया है कुम्हारी प्रभारी पुरुषोत्तम कुर्रे ने बताया कि थाना कुम्हारी में वर्ष 2013 में धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के प्रकरण में आरोपी मलकीत सिंह रंधावा उर्फ सोनू (41साल ) निवासी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी लंबे समय से फरार था बुधवार को मुखबीर से सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया गया आरोपी से पूछताछ जारी है।

### हेरोइन बेचते युवक गिरफ्तार

**भिलाई,5 फरवरी (तछसं.)।** अवैध रूप से हेरोइन विक्रय करते हुए एक युवक को छावनी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है आरोपी के कब्जे से 04 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) जब्त किया है जब्त हेरोइन की कीमत 80 हजार रुपए आंकी गई है छावनी थाने पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है छावनी सीएसपी प्रशांत सिंह पैकरा ने बताया कि थाना छावनी क्षेत्र अंतर्गत सी. मार्केट पावर हाउस के पास मुखबीर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति अवैध रूप से मादक पदार्थ हेरोइन (चिट्टा) विक्रय के लिए रखा है सूचना पर छावनी पुलिस मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर अरमान अंसारी (21 साल ) आरोपी को पकड़ा गया तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 4 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) बरामद कया गया है

# पांडातराई में विधायक भावना बोहरा ने नवीन उप संभाग कार्यालय का शुभारंभ किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा,5 फरवरी।** पांडातराई में पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने नवीन उप नवीन उप संभाग(विद्युत विभाग) कार्यालय का शुभारंभ किया । तरुण छत्तीसगढ़ से चर्चा करते हुए पांडातराई मंडल अध्यक्ष प्रदीप पूरी गोस्वामी ने बताया की 46 गांवों के लोगों को अब अब बिजली बिल जमा करने के लिए बोड़ला नहीं जाना पड़ेगा और पांडातराई में ही अब बिजली बिल जमा करेंगे जिससे पांडातराई के आसपास गांवों में और पांडातराई नगर में खुशी व्याप्त है । पंडरिया विधायक भावना बोहरा की तारीफ करते हुए मंडल अध्यक्ष प्रदीप पूरी गोस्वामी ने कहा की पंडरिया विधानसभा में चहुमुंखी विकास से पंडरिया विधानसभा मे गांवों और शहर की तस्वीर चमकती हुई दिख रही है । विकास की रफ़्तार से युवा ,महिलाएं और किसान , बुजुर्ग सभी खुश है । शुभारंभ कार्यक्रम में पंडरिया जनपद अध्यक्ष नंदिनी साहू , पांडातराई नगर अध्यक्ष सरिता सोनी , सरपंच संघ अध्यक्ष ललित चंद्रवंशी एवं भाजपा कार्यकता और नगर वासी ओर ग्रामीण उपस्थित रहे ।

# नियमों के तहत ही मिलेगा पदोन्नति लाभ, निगम प्रशासन सख्त

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 5 फरवरी।** नगर निगम में स्वीकृत पद संरचना एवं विभागीय भर्ती नियमों के अनुरूप ही पात्र अधिकारी एवं कर्मचारियों को पदोन्नति का लाभ दिया जाएगा। निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि बिना प्रक्रिया पूर्ण किए किसी भी कर्मचारी को समयमान या पदोन्नति का लाभ नहीं दिया जाएगा। जिन अधिकारी एवं कर्मचारियों की 10, 20 एवं 30 वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण हो चुकी है, उन्हें समयमान वेतनमान का लाभ देने से पूर्व विभागीय पदोन्नति प्रक्रिया के अंतर्गत पिछले 5 वर्षों के गोपनीय प्रतिवेदन (सीआर) की जांच, विभागीय जांच की स्थिति एवं अन्य औपचारिकताओं को अनिवार्य रूप से पूर्ण कराया जा रहा है। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि दस्तावेज अधूरे होने पर प्रकरण लंबित ही रहेगा। निगम प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया कि विकलांग कर्मचारियों को शासन द्वारा निर्धारित आरक्षण नियमों के अंतर्गत ही पदोन्नति दी जाएगी और केवल स्वीकृत कोटे के पदों पर ही लाभ मिलेगा। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के संबंध में बताया गया कि संयुक्त वरिष्ठता सूची के आधार पर वर्ष 2008 से अब तक लगभग 50 कर्मचारियों को पदोन्नति दी जा चुकी है। वहीं दिनांक 09 जनवरी 2026 को विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक में 01 कर्मचारी को सहायक ग्रेड-3 तथा 02 कर्मचारियों को सहायक राजस्व निरीक्षक पद पर पदोन्नति दी गई है। प्रशासन ने साफ किया कि भविष्य में रिक्त पदों पर ही पदोन्नति संभव होगी। इधर सेवानिवृत्त कर्मचारियों के स्वत्वों को लेकर निगम प्रशासन ने बताया कि जनवरी 2025 से दिसंबर 2025 तक उपलब्ध बजट के अनुसार ही भुगतान किया जाएगा। शासन के निर्देशानुसार वर्ष 2018 से 2024 तक कुल 209 सेवानिवृत्त एवं मृतक कर्मचारियों को 1085.36 लाख रुपये उपादान राशि का भुगतान किया जा चुका है। निगम प्रशासन ने दो टूक कहा है कि अब किसी भी प्रकार की ढिलाई, अपूर्ण दस्तावेज या नियम विरुद्ध मांग को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

### मतदाता सूची में तार्किक विसंगति वाले मतदाता 13 फरवरी तक कराएं सत्यापन

**दुर्ग, 5 फरवरी ।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार और सर्वोच्च न्यायालय के 29 जनवरी 2026 के आदेश के परिपालन में दुर्ग जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी के अनुसार जिन मतदाताओं के नाम 'तार्किक विसंगतियों' की श्रेणी में आए हैं, वे 13 फरवरी 2026 तक अपना सत्यापन अनिवार्य रूप से पूर्ण करा लें।

जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा विसंगति की श्रेणी में आने वाले मतदाताओं के नाम ग्राम पंचायत भवनों, तहसील कार्यालयों, अनुविभागीय अधिकारी कार्यालयों और शहरी क्षेत्रों में वार्ड कार्यालयों में प्रदर्शित कर दिए गए हैं। मतदाता इन स्थानों पर जाकर सूची में अपना नाम चेक कर सकते हैं।

# विधायक ललित ने रिसाली में सड़क मरम्मत कार्य का किया भूमिपूजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रिसाली।** दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने रिसाली नगर के चार वार्डों में प्रस्तावित सड़क मरम्मत कार्यों का भूमिपूजन कर विकास कार्यों की शुरुआत की। कुल 2 करोड़ 17 लाख 88 हजार रुपये की लागत से होने वाले इन कार्यों से क्षेत्र की जर्जर सड़कों का कायाकल्प किया जाएगा। विधायक ने इस अवसर पर कहा कि वे सदैव जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देते हैं। शहर की खराब सड़कों को सूचीबद्ध कर शासन स्तर पर स्वीकृति दिलाई गई है, जिसके परिणामस्वरूप आज इन कार्यों का भूमिपूजन संभव हो पाया है। उन्होंने कहा कि अब क्षेत्रवासियों को साफ-सुथरी और सुगम सड़कें मिलेंगी, जिससे आवागमन में सुविधा होगी। भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान विधायक ने आम नागरिकों से संवाद कर उनकी समस्याएं भी सुनीं। कार्यक्रम में सभापति केशव बंछोर, नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू, एमआईसी सदस्य सनीर साहू, पार्षद सविता ढवस, सुनंदा दीपक पप्पू चंद्राकर, गजेन्द्री कोठारी, ममता सिन्हा, ईश्वरी साहू, सीमा साहू, धर्मेन्द्र भगत, सरिता देवांगन, मंडल अध्यक्ष राजू जंघेल, अनूपम साहू सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान विधायक ललित चंद्राकर ने वार्ड 31 रिसाली बस्ती में उज्ज्वला योजना के तहत गैस सिलेंडर का वितरण भी किया। इस योजना का लाभ पूनम चतुर्वेदी, संजना चतुर्वेदी, टोमिन देशमुख, विमला कुर्रे, कांती साहू, रानी गायकवाड़, हेमलता, रूखमनी गायकवाड़, सुमन शर्मा, संध्या, मंजू यादव एवं अंजनी यादव को मिला।विधायक ने कहा कि सरकार की योजनाओं का उद्देश्य हर वर्ग तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचाना है और इस दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है।

# पांच दिवसीय नि:शुल्क योग प्रशिक्षण शिविर का लाभ लोगों ने उठाया



**पाटन,5 फरवरी।** आयुष्मान आरोग्य मंदिर शासकीय आयुर्वेद औषधालय मर्रा के तत्वावधान में ग्राम घुमा के प्राथमिक शाला प्रांगण में पांच दिवसीय निशुल्क योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्कूली बच्चों सहित ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में सहभागिता की। शिविर का शुभारंभ भगवान धन्वंतरि की पूजा-अर्चना के साथ किया गया। प्रतिदिन प्रतिभागियों को चना-गुड़ एवं आयुर्वेदिक काढ़ा वितरित किया गया। योग प्रशिक्षक धीरेन्द्र कुमार वर्मा द्वारा प्रतिभागियों को सरल एवं सहज तरीके से योग अभ्यास कराया गया। वहीं डॉ. अनिता साहू, आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी, शासकीय आयुर्वेद औषधालय मर्रा ने योग के महत्व एवं इससे स्वास्थ्य लाभों पर विस्तृत जानकारी दी। शिविर के आयोजन में रितु केतु साहू फार्मासिस्ट, दीपक यादव औषधालय सेवक एवं सावित्री वर्मा का सराहनीय सहयोग रहा।

# पीएम आवास समय पर हों पूरे, लापरवाही बर्दाश्त नहीं:आयुक्त



**भिलाई, 5 फरवरी।** केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत नगर निगम भिलाई द्वारा आवास निर्माण के लिए अतिरिक्त भूमि चिन्हित की जा रही है। इसी क्रम में नगर निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने विभिन्न वार्डों में प्रस्तावित स्थलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने स्मृति नगर बुद्ध कॉलोनी, सूर्या विहार, हाउसिंग बोर्ड ढांचा भवन (साईं मंदिर के पास), कैलाश नगर भगवा चौक एवं प्रगति नगर में पीएम आवास निर्माण हेतु उपलब्ध रिक्त भूमि का अवलोकन किया। उन्होंने उपस्थित तहसीलदार एवं पटवारी को सीमांकन कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए, जिससे निर्माण कार्य में विलंब न हो। इसके पश्चात आयुक्त ने सूर्या विहार में निर्माणाधीन पीएम आवास का भी जायजा लिया और निर्माण कार्य में गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा कार्य को तय समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि पात्र हितग्राहियों को शीघ्र आवास उपलब्ध कराया जा सके। प्रगति नगर क्षेत्र में पूर्व से प्रस्तावित खेल मैदान एवं नवीन सड़क निर्माण कार्यों को लेकर भी आयुक्त ने नागरिकों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए कार्य जल्द प्रारंभ कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता कुलदीप गुप्ता, उप अभियंता दीपक देवांगन, आदित्य सिंह सहित नगर निगम के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# धूल नियंत्रण एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए वाटर कैनन की स्थापना



**भिलाई, 5 फरवरी।** भिलाई इस्पात संयंत्र के एमआरडी-एनएसबीवाई क्षेत्र में दो आधुनिक वाटर कैनन स्थापित किए गए हैं। इनमें से एक वाटर कैनन बीएफ डंप क्षेत्र में तथा दूसरा एनएसबीवाई क्षेत्र में स्थापित किया गया है। वाटर कैनन के माध्यम से धूल कणों के दमन से न केवल वायु गुणवत्ता में सुधार होगा, बल्कि दृश्यता बेहतर होने के साथ-साथ कार्यस्थल की समग्र सुरक्षा एवं स्वच्छता में भी उल्लेखनीय वृद्धि होगी। यह पहल पर्यावरण संरक्षण मानकों के अनुपालन तथा कर्मचारियों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को प्राथमिकता देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक हरिश कुमार सचदेव ने कहा कि व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों के साथ-साथ वाटर कैनन जैसे तकनीकी उपाय धूल नियंत्रण को अधिक प्रभावी बनाते हैं और कर्मचारियों की सुरक्षा को और सुदृढ़ करते हैं। वहीं महाप्रबंधक आलोक कुमार माथुर ने कहा कि यह पहल पर्यावरण प्रबंधन, परिचालन सुरक्षा तथा सतत विकास के प्रति संयंत्र प्रबंधन की सक्रिय और प्रतिबद्ध सोच को प्रतिबिंबित करती है।

## सरगुजा ओलम्पिक में सुहानी ने बैडमिंटन युगल में जीता पुरस्कार



**भिलाई, 5 फरवरी।** शहर की मेधावी छात्रा सुहानी राजभर ने सरगुजा ओलम्पिक खेलों में बैडमिंटन युगल वर्ग में पुरस्कार जीतकर शहर एवं अपने कॉलेज का नाम रोशन किया है। सुहानी ने अपनी साथी खिलाड़ी चूड़ामणि के साथ सीनियर ओपन वर्ग में हिस्सा लिया।

सुहानी वर्तमान में कॉलेज ऑफ हॉर्टिकल्चर एंड रिसर्च स्टेशन, रामानुजगंज (जिला बलरामपुर) में हॉर्टिकल्चर विषय से स्नातक की पढ़ाई कर रही हैं। सुहानी राजभर का प्रारंभ से ही खेलों के प्रति विशेष रुझान रहा है। वे वॉलीबॉल में भी कई पदक जीत चुकी हैं, जिससे उनकी बहुआयामी खेल प्रतिभा का पता चलता है। उनकी बहन मेनका राजभर भी वैशालीनगर कॉलेज में स्नातक की छात्रा हैं तथा गतका खेल में राष्ट्रीय स्तर की पुरस्कार प्राप्त खिलाड़ी हैं। सुहानी, छत्तीसगढ़ राजभर महासभा के अध्यक्ष नरसिंह राजभर एवं सुभावत राजभर की सुपुत्री हैं। उनकी इस उपलब्धि पर परिजनों, शुभचिंतकों एवं खेल प्रेमियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## एक नजर

### कलेक्टर ने स्कूली बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण के लिए विशाखापट्टम किया रवाना



**बलौदाबाजार, 5 फरवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर एवं जिला मिशन संचालक दीपक सोनी ने मंगलवार को स्कूली बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण हेतु विशाखापट्टनम जाने के लिये बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिला मिशन समन्वयक नरेन्द वर्मा ने बताया कि माध्यमिक स्तर अंतर्गत पीएमश्री शालाओं के बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अध्ययनरत 6 विद्यार्थियों, 6 शिक्षक-शिक्षिकाओं, पीएमश्री के जिला नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी तथा राष्ट्रीय अविष्कार अभियान अंतर्गत प्रारंभिक एवं माध्यमिक स्तर के 20 विद्यार्थियों, 2 शिक्षक शिक्षिकाएं शैक्षणिक भ्रमण हेतु विशाखापट्टम के लिये रवाना हुए।

### वाहनों में स्टंट कर, उपद्रव करने वाले पर किया अर्थदंड

**बलौदाबाजार 5 फरवरी।** वायरल वीडियो एवं विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से पता चला कि ग्राम कटगी स्थित स्कूल के कुछ छात्रों के सांथ कई अन्य युवाओं द्वारा शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम के दौरान सड़क मार्ग में यातायात नियमों का उल्लंघन कर, खतरनाक तरीके से चारपहिया वाहन एवं दोपहिया वाहनों से स्टंट किया जा रहा था, जिससे आने जाने वाले लोगों को भी तकलीफ हो रही थी तथा आवागमन में भी बाधा उत्पन्न हो रही थी। इस दौरान खतरनाक स्टंट करते हुए वाहनों में कई अवयस्क छात्र तथा स्कूल के ड्रॉप आउट छात्र भी शामिल थे। कि सूचना पर पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के निर्देशन में थाना कसडोल पुलिस द्वारा दिनांक 02.02.2026 को उक्त वायरल वीडियो एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया न्यूज़ के आधार पर पहचान करते हुए 16 अवयस्क बालक सहित कुल 26 लोगों को पकड़ा गया था। पकड़े गए अन्य 10 अनावेदकों के विरुद्ध धारा 170,126,135 बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई किया गया तथा प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही करते हुए संबंधित वाहन चालकों/मालिकों के विरुद्ध लापरवाहीपूर्वक एवं खतरनाक तरीके से वाहन चालन करने की धाराओं के तहत कुल 04 अपराधिक प्रकरण दर्ज किया गया तथा मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 184 के तहत भी कारवाई किया गया। तत्पश्चात संपूर्ण प्रकरण माननीय न्यायालय के समस्त प्रस्तुत किया गया, जिसमें आज दिनांक 04.02.2026 को माननीय न्यायालय द्वारा उक्त प्रकरण में संबंधित वाहन चालकों एवं वाहन मालिकों को ?32,000 अर्थदंड आदेशित की गई है।

### पीएम आवास योजना के शहरी क्षेत्र के हितग्राहियों को बड़ी राहत- कोमल सिंह

**रायपुर 5 फरवरी।** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने कहा की छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा जारी आदेश के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण और राहतकारी निर्णय लिया गया है। इस आदेश के अनुसार 31 अगस्त 2024 के पूर्व भूमि पर काबिज पात्र हितग्राहियों को अब योजना में शामिल कर आवास निर्माण हेतु सहायता प्रदान की जाएगी।

### निधन

#### बेनीराम डडसेना

**डोंगरगढ़।** क्षेत्र के ग्राम बेलगांव में वर्षों से निवासरत श्री बेनीराम डड़सेना(सेवानिवृत्त सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी) उम्र 85 वर्ष का निधन हो गया वे लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे अपने पीछे एक पुत्र दो पुत्री छोड़ कर ईश्वरीय स्थान पर चले गए स्व श्री डडसेना मोतीलाल डडसेना शिक्षक शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मोहारा के पिता थे आज इनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम बुन्देली महासमुंद मे किया गया , राजनादगांव जिले के सिन्हा कलार समाज के लोगों ने श्रृद्धाजंलि अर्पित की।



# कलेक्टर ने जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में सामूहिक दवा सेवन की कार्ययोजना बना कर कार्य करने के दिए निर्देश

- निर्माण कार्य सहित स्वास्थ्य सुविधाओं में विस्तार के लिए 3 करोड़ 53 लाख के काम का अनुमोदन
- राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के लक्ष्य को समय सीमा में पूरा न करने पर कार्रवाई की चेतावनी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




बलौदाबाजार, 5 फरवरी। जिले में स्वास्थ्य विभाग के कार्यों का मूल्यांकन एवं समीक्षा तथा सुधार हेतु कलेक्टर दीपक सोनी ने बुधवार को जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक ली। उन्होंने कैंसर स्क्रीनिंग मलेरिया,कुष्ठ ,टीबी, प्रसव,टीकाकरण, जैसे जरूरी स्वास्थ्य सुविधाओं की प्रगति का आकंड़ों के माध्यम से विस्तृत समीक्षा किया।

कलेक्टर ने ओरल कैंसर स्क्रीनिंग बढ़ाने को कहा उन्होंने समय सीमा में लक्ष्य पूरा करने के लिए योजना बनाने भी कहा। उन्होंने आयुष्मान कार्ड निर्माण में खाद्य विभाग से समन्वय बना कर हितग्राहियों के रिकॉर्ड का मिलान कर उसकी समीक्षा करने के निर्देश दिये।इसके साथ ही बैठक में मुख्यमंत्री शासकीय अस्पताल रूपांतरण कोष के तहत कुल 22 कार्य स्वीकृत किये गए जिसमें से 19 निर्माण कार्य और 3 उपकरणों की खरीद शामिल है। इसमें लवन में डीजल जनरेटर, जिला अस्पताल में सोनोग्राफी मशीन एवं ब्लड कंपोनेंट प्रिपरेशन सम्मिलित हैं। कलेक्टर ने कसडोल के अर्जुनी ब प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पूर्व में दिए निर्देश अनुसार कार्य न किये जाने पर जिम्मेदार पर कार्यवाही करने के. निर्देश दिये।

कलेक्टर ने 10 फरवरी से शुरू हो रहे फाइलेरिया रोग के नियंत्रण हेतु सामूहिक दवा सेवन गतिविधि हेतु सुपरवाइजर की टीम गठन एवं ड्रग एडमिनिस्ट्रेटर सहित उक्त दोनों की तत्काल ट्रेनिंग पूरी करने के निर्देश दिए । किसी भी प्रकार की लापरवाही होने पर जिम्मेदार के ऊपर कार्यवाही की भी चेतावनी दी। उक्त गतिविधि के सफलतापूर्वक क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर ने विकास खंडवार सूक्ष्म कार्य योजना सभी बीएमओ को बनाकर देने ,साथ ही दवाइयों की उपलब्धता एवं पर्याप्त भंडारण सुनिश्चित करने को भी कहा । बैठक में सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश कुमार अवस्थी, सिविल सर्जन डॉ.अशोक वर्मा ,जिला कार्यक्रम प्रबंधक सृष्टि मिश्रा सहित सभी खंड चिकित्सा अधिकारी सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहे ।

### तिल्दा के बीएनबी स्कूल मैदान में उतरा मिथिला का वैभव

# राम-जानकी विवाहोत्सव में हुए शामिल हजारों श्रद्धालु

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा 5 फरवरी।** धर्म, आस्था और भक्ति की त्रिवेणी इन दिनों तिल्दा के ऐतिहासिक बी.एन.बी. स्कूल के मैदान में पूरी भव्यता के साथ प्रवाहित हो रही है। स्वर्गीय श्री सोनचांद वर्मा स्मृति फाउंडेशन के तत्वाधान में आयोजित सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् रामकथा के चतुर्थ दिवस पर आज भक्ति का ऐसा चरमोत्कर्ष देखने को मिला, जिसने तिल्दा को लघु अयोध्या और मिथिला नगरी में बदल दिया।

**धनुष भंग और जयमाला: पुष्प वर्षा से जीवंत हुआ प्रसंग:** कथा के चौथे दिन सुप्रसिद्ध कथा वाचक पूज्या दीदी देवी चंद्रकला जी ने अपनी ओजस्वी वाणी से विश्वामित्र के साथ राम-लक्ष्मण के मिथिला आगमन का अत्यंत मार्मिक वर्णन किया। जैसे ही कथा में प्रभु श्री राम द्वारा शिव के 'पिनाक' धनुष के भंजन और अधर्म पर धर्म की विजय का प्रसंग आया, पूरा पंडाल 'जय श्री राम' के उद्घोष से गूंज उठा।

विवाह उत्सव के दौरान जब राम-जानकी की जयमाला का दृश्य मंच पर जीवंत हुआ, तब आयोजन समिति द्वारा की गई अभूतपूर्व पुष्प वर्षा ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। ढोल-नगाड़ों और भक्तिमय भजनों की थाप पर



श्रद्धालु अपनी सुध-बुध खोकर झूमने लगे।

**आध्यात्मिक बोध: मर्यादा और समर्पण ही सुखी जीवन का आधार:** व्यासपीठ को नमन करते हुए पूज्या दीदी जी ने उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि प्रभु श्री राम और माता सीता का विवाह केवल दो पात्रों का मिलन नहीं, बल्कि यह मर्यादा और शक्ति के संगम का प्रतीक है। आज के भौतिकवादी युग में जहाँ परिवार बिखर रहे हैं, वहाँ राम जी जैसा धैर्य और माता जानकी जैसा त्याग हर घर की आवश्यकता है। हमारी युवा पीढ़ी को पाश्चात्य चकाचौंध को छोड़ अपनी जड़ों और प्रभु के आदर्शों की ओर लौटना होगा।

**पुष्पराज वर्मा जी का सेवा संकल्प:** इस भव्य धार्मिक अनुष्ठान के मुख्य संयोजक और फाउंडेशन के स्तंभ आदरणीय पुष्पराज वर्मा जी ने आयोजन की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने अत्यंत भावुक स्वर में कहा कि मेरे पिता स्वर्गीय श्री सोनचांद वर्मा जी का जीवन सदैव परोपकार और भक्ति को समर्पित रहा। बी.एन.बी. स्कूल मैदान में आयोजित यह कथा उनकी पवित्र स्मृतियों को एक श्रद्धांजलि है। हमारा एकमात्र लक्ष्य समाज में समरसता लाना और लोगों को आध्यात्मिक ऊर्जा से जोड़ना है।

वर्मा जी स्वयं सुबह से देर रात तक व्यवस्थाओं की कमान संभाले हुए हैं ताकि तिल्दा और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले हजारों श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

**नगर में उत्सव का माहौल और भव्य झांकियां:** बी.एन.बी. स्कूल परिसर को विशेष विद्युत सज्जा और फूलों से सजाया गया है। आयोजन समिति ने जानकारी दी कि आगामी दिनों में कथा के अन्य प्रसंगों के साथ-साथ भव्य झांकियों का प्रदर्शन भी किया जाएगा, जो आकर्षण का मुख्य केंद्र होंगी। आज की आरती में नगर के प्रतिष्ठित नागरिक, जनप्रतिनिधि और फाउंडेशन के सक्रिय सदस्यों ने हिस्सा लेकर क्षेत्र की सुख-शांति और खुशहाली की मंगल कामना की।

#### प्रमुख जानकारी एक नजर में

*आयोजन स्थल:* बी.एन.बी. स्कूल मैदान, तिल्दा।

*आयोजक:* स्वर्गीय श्री सोनचांद वर्मा स्मृति फाउंडेशन।

*मुख्य आकर्षण:* संगीतमय रामकथा एवं सजीव झांकियां।

*विशेष उपस्थिति:* नगर एवं क्षेत्र की भारी जनशक्ति।

### पनगांव में फाइलेरिया के विरुद्ध महिलाओं ने रैली और दीवारलेखन कर ग्रामीणों को किया जागरूक



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 5 फरवरी।** कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में जिले के ग्रामीण अंचलों में फाइलेरिया (हाथीपांव) उन्मूलन हेतु घर -घर दस्तक अभियान अंतर्गत व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को ग्राम पंचायत पनगांव में ग्राम संगठन की महिलाओं द्वारा एक विशेष बैठक और जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारी के प्रति सचेत करना और आगामी निवारण अभियान के लिए तैयार करना था।कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित डीएमसी रजनीकांत रत्नाकर ने समूह की महिलाओं को विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि फाइलेरिया एक संक्रामक बीमारी है जो मुख्य रूप से संक्रमित मादा ऐनाफिलिस मच्छर के काटने से फैलता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस बीमारी से बचाव के लिए मच्छरों पर नियंत्रण और मच्छरदानी का नियमित उपयोग अत्यंत आवश्यक है। साथ ही, उन्होंने सभी को अवगत कराया कि आगामी 10 से 25 फरवरी तक फाइलेरिया निवारण अभियान चलाया जाएगा, जिसके तहत प्रत्येक व्यक्ति को सुरक्षात्मक दवा का सेवन करना अनिवार्य है। इस अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत पनगांव की महिला समूहों ने न केवल रैली निकालकर गांव की गलियों में जागरूकता फैलाई, बल्कि दीवार नारा लेखन (वाल राइटिंग) के माध्यम से भी फाइलेरिया मुक्त पंचायत का संदेश दिया। महिलाओं ने संकल्प लिया कि वे घर-घर जाकर लोगों को दवा सेवन के फायदे बताएंगी ताकि कोई भी व्यक्ति इस अभियान से वंचित न रहे। जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे इस विशेष प्रयास की सराहना करते हुए ग्रामीणों ने भी 10 फरवरी से शुरू होने वाले दवा वितरण अभियान में पूर्ण सहयोग देने का भरोसा दिलाया।

## विद्यालय बेलगांव की प्राचार्य को सेवानिवृत्त होने पर दी गई विदाई

**डोंगरगढ़/बेलगांव 5 फरवरी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलगांव की प्राचार्य कालिंद्री तिवारी की सेवा समाप्त होने पर बिदाई कार्यक्रम आयोजित कर तिलक वंदन व पुष्पमाला से स्वागत कर भावभीनी विदाई दी गई। ज्ञात हो कि श्रीमती तिवारी 2086 से व्याख्याता पद पर पदस्थ रही। उनके द्वारा 2016 से बेलगांव में प्राचार्य पद पर 10 वर्ष रहकर सेवा दी गई । इस अवसर पर विदाई कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर सरस्वती वंदना कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन मनीषा वेद द्वारा किया गया। इस दौरान अनिल तिवारी एवं उनके परिजन सहित ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। शाला की शिक्षिका प्रतिमा ठाकरे पूर्णिमा साहू, सहारे मेडम बिजेन्द्र अपने उद्बोधन में सेवानिवृत्त प्राचार्य के उज्वल भविष्य की कामना करते शुभकामनाएं दी गई । इस दौरान सरपंच कौशल चंद्रवंशी, योगेश साहु, छबील साहु, व्याख्याता प्रतिमा मनगडे श्रीमती सोनी मैडम प्रमिला राव श्रीराम लाहोरिया सीमा बदलकर राजश्री श्रीरसागर दिव्या बोपचे, अनिमा तिर्की रोहित वर्मा, रामअवतार साहू सर, तरुण, मंडल सर ज्योति सुमन मनीषा सूर्यकांत निषाद जैकलिन मैडम सभी ने श्रीमती तिवारी का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत अभिनन्दन कर शुभकामनायें सहित स्मृतिचिन्ह व मोमेन्टों, गिफ्ट स्थफ द्वारा प्रदान किया गया। प्राचार्य मैडम के द्वारा शाला में स्वच्छता, अनुशासन, बागवानी शिक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया गया। कार्यक्रम में समापन टी साहू द्वारा आभार व्यक्त किया गया।



## छूटे किसानों का 5 और 6 फरवरी को ख़रीदा जाएगा धान




**बलौदाबाजार, 5 फरवरी।** पंजीकृत किसान जिन्होंने टोकन कटने के बाद भी समर्थन मूल्य में धान नहीं बेच पाया था उन किसानों का धान अब 5 एवं 6 फ़रवरी को ख़रीदा जाएगा। खाद्य सचिव रीना बाबा साहेब कंगाले ने बुधवार को इस सम्बन्ध में वीडियो कंन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कलेक्टर एवं खाद्य विभाग के अधिकारियो को जरुरी दिशा निर्देश दिये। खाद्य सचिव ने बताया कि राज्य शासन के निर्देशानुसार पहला ऐसे किसान जिनके द्वारा 10 जनवरी 2026 के बाद टोकन हेतु आवेदन किया गया किन्तु सत्यापन नहीं हो पाया। दूसरे ऐसे किसान 10 जनवरी 2026 के बाद आवेदन किया आउट भौतिक सत्यापन के बाद धान उपलब्ध होने के बावजूद भी धान नहीं बेच पाए।28, 29 एवं 30 जनवरी को टोकन कटने के बाद भी धान नहीं बेच पाए वे किसान 5 एवं 6 फ़रवरी 2026 को धान बेच सकेंगे। उन्होंने बताया कि त्रुटिपूर्ण भौतिक सत्यापन की सुधार राज्य स्तर से की जाएगी। पूर्व के टोकन में आंशिक रूप से धान बेचने वाले किसानों को पुनः टोकन जारी नहीं किया जाएगा। कलेक्टर दीपक सोनी ने सम्बधित अधिकारियो को निर्देशानुसार 5 एवं 6 फ़रवरी को जिले के छूटे किसानों से धान खरीदी हेतु आवश्यक तैयारी करने के निर्देश दिये।

## बाल विवाह उन्मूलन के लिए संभागस्तरीय जागरूकता कार्यशाला का आयोजन

**रायपुर 5 फरवरी।** बाल विवाह उन्मूलन हेतु संभाग स्तरीय जागरूकता कार्यशाला का आयोजन न्यू सर्किट हाउस सिविल लाइन रायपुर में बाल विवाह जैसी कुप्रथा को समाप्त करने तथा समाज में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से महिला बाल विकास रायपुर द्वारा जिला कार्यक्रम अधिकारी सुश्री शैल ठाकुर के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में बाल कल्याण समिति रायपुर के माननीय डॉ. पुरुषोत्तम चन्द्राकर, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी, श्री यशपाल जी, श्रीमती माधुरी शर्मा जिला बाल संरक्षण अधिकारी, संजय निराला बाल संरक्षण अधिकारी गैर संस्थागत देखरेख, सपना सिंह, समाजसेवी विपिन ठाकुर, शशांक शर्मा, अभिमन्यु बारिहा, गोरखनाथ पटेल, रेखा शर्मा, विजय साहू विनोद, एवं रायपुर संभाग के पांच जिला से उपस्थित महिला बाल विकास अधिकारी सुपरवाइजर पुलिस एवं समाज सेवी कार्यकर्ता एनजीओ के लोग उपस्थित रहे।

प्रथम सत्र का संचालन डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर की अध्यक्षता में श्री विपिन ठाकुर एवं शशांक शर्मा विषय विशेषज्ञो द्वारा बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारियों के भूमिका, पोर्टल में जानकारी अपलोड करने के बारे में बताया गया साथ ही उनके द्वारा बाल विवाह के दुष्परिणामों क़ानूनी प्रावधानों एवं बच्चो के अधिकारों पर विस्तार से चर्चा की गई। द्वितीय सत्र में विपिन ठाकुर ने बाल विवाह के दुष्परिणामों को बताते हुए कहा कि बच्चों में कम उम्र में गर्भावस्था में होने वाली प्रॉब्लम, मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर के बारे में बताया , कुपोषण चक्र के संबंध में विस्तार से बताया।

कार्यशाला में उपस्थित प्रतिभागियों को बाल विवाह के उन्मूलन हेतु डॉ. पुरुषोत्तम चन्द्राकर बाल कल्याण समिति रायपुर द्वारा बाल विवाह रोकने हेतु शपथ दिलाया गया।

अपने उद्बोधन में डॉ. पुरुषोत्तम चन्द्राकर ने बाल विवाह के समूल उन्मूलन के लिए संबोधित करते हुए कहा कि बाल विवाह के रोकथाम हेतु विद्यालयों आंगनबाड़ी केन्द्रों,पंचायत, गैर सरकारी संगठन एनजीओ, युवा समूह और धार्मिक नेताओं की भागीदारी के साथ व्यापक सामुदायिक सहभागिता की आवश्यकता है।

डॉ. पुरुषोत्तम चन्द्राकर ने कहा कि भारतीय न्याय संहिता 2023 के तहत 18 वर्ष से कम आयु की पत्नी के साथ यौन संबंध बलात्कार के समान है एक बाल वधू के पति द्वारा यौन हमला लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम (क्ष्ह्ष्टस्न्) 2012 के तहत दंडनीय गंभीर यौन हमला है जिसमें बाल विवाह न केवल एक सामाजिक बुराई बल्कि एक आपराधिक कृत्य भी बन जाता है। कार्यक्रम में महिला सुपरवाईजर एवं परियोजना अधिकारी, बाल कल्याण पुलिस अधिकारी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से लीगल वालंटियर एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के कर्मचारी बृंद अधिकारी गण उपस्थित रहे। आभार प्रदर्शन श्रीमती माधुरी शर्मा जिला बाल संरक्षण अधिकारी ने किया।



### जयश्रीराम प्रशिक्षण एवं सेवा संस्थान से सैन्य प्रशिक्षण प्राप्त

# 5 लोगों का सेना व पुलिस में भर्ती होने पर किया गया सम्मान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायपुर 5 फरवरी।** जय श्री राम प्रशिक्षण एवं सेवा संस्थान के तत्वावधान में चलाए जा रहे जय श्री राम निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण के 05 प्रशिक्षर्थियों का दो छत्तीसगढ़ पुलिस, एक सीआरपीएफएक बीएसएफएक सीआईएफ मैं भर्ती होने पर संस्था के द्वारा कमल विहार सेक्टर 13 में सम्मान समारोह का कार्यक्रम रखा गया था। जिसमें यहां के निवासी और सभी प्रशिक्षक आरती गर्व के साथ जिसका मुख्य अतिथि आरडीए अध्यक्ष नंदे साहू अति विशिष्ट अतिथि कर्नल मेडिकल ऑफिसरडॉ ए के अवधीया ग्रामीण भाजपा मंडल अध्यक्ष भोला प्रसाद साहू पार्षद प्रतिनिधि तिलक प्रसाद सत्यनारायण देवांगन मंडल महामंत्री भाजपा ग्रामीण रुपेश यादव युवा मंत्री ग्रामीण रायपुर कुंवर विजय सिन्हा जिला महामंत्री कलार समाज इस संस्था से पूर्व में भर्ती हुए मिथिलेश कुमार देवांगन बोरिया कला जो अभी छुट्टी आये है द्य कार्यक्रम मे उपस्थित द्य इन सभी ने पांचो प्रशिक्षणार्थियों को फोर्स में ज्वाइन करने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दिए द्य साथ ही प्रशिक्षक पूर्व सैनिक पन्नालाल को भी उनकी कड़ी परिश्रम और निःशुल्क ट्रेनिंग से सफलता हासिल हुआ इसके लिए भी हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दिए द्य इस अवसर पर पहुंचे कैप्टन गोवर्धन शर्मा नायक आरके सोनी संस्था के संरक्षक राजेंद्र अग्रवाल. सुभाष सिंह. तुलाराम सिन्हा सचिव कोषाध्यक्ष ललित देवांगन सदस्य मेवा लाल सिन्हा,सी एम पांडेय विनय गुप्ता नीरज साहू प्रकाश साहू शेखर वर्मा छवि साहू सत्यनारायण जायसवाल ज्ञान देवांगन द्वारका बांधे फोर्स जॉइन किये पांचो बच्चों के माता-पिता भी इस सम्मान समारोह में जय श्री राम प्रशिक्षण एवं सेवा संस्थान के द्वारा भोजन का उत्तम व्यवस्था भी किया गया था कार्यक्रम के बाद सभी को भोजन करवाया गया द्य आरडीए अध्यक्ष श्री नंदे साहू ने कहा इस प्रकार के कार्यक्रम को मैं बहुत ही निस्वार्थ भाव से कार्य कर रहे हैं इसके लिए मैं बधाई देता हूं । भर्ती हुए पांचो प्रशिक्षणार्थियों को मोमेंटो प्रशस्ति पत्र और शाल भेंट कर फूल माला से सम्मान किया गया द्य तत्पश्चात इसी संस्था से भर्ती हुए सी दिव्या शेट्टी के पापा के द्वारा सभी प्रशिक्षणार्थीयों को ट्रैवल बैग भी गिफ्ट में दिया गया । कार्यक्रम में आए हुए करनाल मेडिकल अफसर श्री अयोध्या जी ने कहा कि इस कार्यक्रम से मैं बहुत प्रभावित हुआ हूं और जहां पर निशुल्क सेवा देकर पूर्व सैनिक पन्नालाल सिन्हा बच्चों को देश की सेवा के लिए आगे भेज रहे हैं यह काबिले तारीफ है द्य फौजी से सेवानिवृत हुए जवानों को चाहिए कि वह अपने अपने एरिया में इस प्रकार के निशुल्क ट्रेनिंग देने और बच्चों को मार्गदर्शन देकर देश की सेवा में तत्पर रखें । सम्मान समारोह में प्रशिक्षण आर्थियों के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया द्य सम्मान समारोह में प्रशिक्षक पूर्व सैनिक पन्नालाल सिंह ने कहा कि यह कार्यक्रम 15 अगस्त 2020 से चला रहा हूं और यह सुबह 5:30 से 7:30 तक चलता है द्य साथ ही प्रतिदिन ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान होता है।



## पीएम मोदी ने नामुमकिन को किया मुमकिन

राजनीति में सबसे कुशल वह माना जाता है जो जानता है कि क्या करना है और कैसे करना है और चुपचाप करना है। पीएम मोदी देश के ऐसे नेता हैं जो पहले तय करते हैं क्या करना,कैसे करना है और कब करना है और बिना कुछ कहे करना है। कुछ बड़ा करना होता है तो उसमें वक्त लगता है, उसके लिए धीरज रखना पड़ता है, लोगों की बातें सुननी पड़ती है,आलोचना सहनी पड़ती है लेकिन किसी को कुछ नहीं कहना बहुत मुश्किल होता है। पीएम मोदी जब ठान लेते हैं कि किस आदमी के बारे में उनको कुछ भी हो जाए तो उसका नाम नहीं लेना है, उसके बारे में कुछ नहीं कहना है तो वह ऐसा करने में सफल होते हैं। देश के कई नेता चाहते हैं कि पीएम मोदी उनका नाम लेकर कुछ तो कहें लेकिन पीएम मोदी किसी नेता के बारे में नाम लेकर कुछ नही कहते हैं। गजब का वाणी संयम है पीएम मोदी का। वह धीरज रखने में भी माहिर हैं। चारों तरफ से दवाब पडऩे पर भी वह धीरज रखने में सफल होते हैं और इसी वजह से जब वह किसी काम में सफल होते हैं तो लोग वाहवाह करते हैं, आश्चर्य करते हैं कि पीएम मोदी ने यह काम कैसे किया। यह तो नामुमकिन था, इसे मोदी ने संभव कैसे बनाया।

पीएम मोदी एक बात जानते हैं कि देश की राजनीति हो या विश्व की राजनीति हो अपने को तो मजबूत करना ही है साथ ही अपने दुश्मन को कमजोर भी करना है तब ही एक दिन जीत मिलती है। अमरीका के मामले में पीएम मोदी ने यही किया। उन्होंने भारत को हर तरह से मजबूत करने का पूरा प्रयास किया। इसके लिए जिन देशों की मदद की जरूरत थी, उन देशों की मदद ली और उन देशों की मदद भी की। अमरीका की ताकत ही यही थी कि उसके साथ विश्व के ज्यादा से ज्यादा देश स्वेच्छा या मजबूरी में खड़े रहते थे। अमरीका को कमजोर करने के लिए यह जरूरी हो गया था कि उसके साथ खड़े रहने वाले देशों की संख्या कम हो और वह देश भारत के साथ खड़े होने को तैयार भी हों।इसके अलावा अमरीका विरोधी देशों के साथ भी भारत ने संबंध सुधारकर विश्व की राजनीति में अपनी जगह पहले पांच देशों में बनाने का प्रयास किया और पीएम मोदी दस साल में अपने मकसद में सफल रहे। इस दौरान अमरीका के राष्ट्रपति ट्रंप ने कई गलतियां की और इसका फायदा भी भारत को मिला। ट्रंप की पहली गलती तो यह थी कि उन्होंने अमरीका को महान बनाने के चककर में दूसरे देशों के हितों का ख्याल नहीं रखा। टैरिफ का उपयोग हथियार की तरह किया और उन्होंने पैसा देने वाले अमरीका को पैसा वसूल करने वाला अमरीका बना दिया। विश्व शांति के नाम पर विश्व के कई देशों व क्षेत्रों में अशांति को बढ़ावा दिया और उसे बनाए रखने का प्रयास भी किया। इसका परिणाम यह हुआ जो देश अमरीका के साथ रहते थे, वह देश अब अमरीका से दूरी बनाने लगे और वह भी ट्रंप की तरह अपने देश के आर्थिक, सैन्य सुरक्षा के बारे में सोचने लगे।इसी दौरान अमरीका ने रूस को कमजोर करने के लिए रूस के तेल खरीदने वाले देशों पर टैरिफ लगाने का फैसला किया। भारत को रूस से अलग करने के लिए 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया और भारत व अमरीका के बीच होने वाली डील को टालता गया ताकि भारत मजबूर होकर अमरीका की हर बात मानने को विवश हो जाए। भारत ने अमरीका के खिलाफ कुछ नहीं कहा, ट्रंप जरूर महीनों तक कुछ भी कहते रहे लेकिन पीएम मोदी चुप रहे। देश की भीतर इस चुप्पी की कड़ी आलोचना हुई लेकिन पीएम मोदी चुप रहे वह जानते थे कि एक दिन झुकना तो ट्रंप को है और वह जानते थे कि ट्रंप को कैसे झुकाया जा सकता है। उन्होंने कई देशों के साथ ट्रेड डील की और ट्रंप के टैरिफ के बाद भी झुकने को तैयार नहीं हुए। सबसे प्रभावी डील यूरोपियन यूनियन से रही। इससे ट्रंप को बड़ा झटका लगा क्योंकि ट्रंप को उम्मीद नहीं थी कि यूरोपियन यूनियन उनकी मर्जी के बिना भारत के साथ डील भी कर सकता था और यूरोपियन यूनियन से ऐसा किया तो इससे विश्व में अमरीका एक भरोसे का संगठन ही अमरीका के खिलाफ दिखा और ट्रंप को ऐसा लगा कि उसके टैरिफ को तो भारत पर कोई असर नहीं हो रहा है। ऐसे में बेहतर है कि भारत के बड़े बाजार को खोने की जगह उसे पाने के लिए जो किया जा सकता है, वही किया जाए और यही वजह है कि टैरिफ जिस ट्रंप ने बढ़ाया था कुछ महीनों बाद घटाया भी उसी ने लेकिन इससे ट्रंप को विश्व की राजनीति में जितना नुकसान हुआ है, भारत को उतना ही फायदा हुआ है।

**चर्चित मुद्दा**

# डिजिटल दुनिया का अंधेरा पहलू: गाजियाबाद में ऑनलाइन गेमिंग तीन मासूम ज़िंदगियाँ छीनीं

**सुनील कुमार महला**



हाल ही में उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में नाबालिग किशोरियां कोरियन गेम की लत का शिकार हो गई,यह बहुत ही दुखद घटना है।खेल के साथ जिंदगियां भी खत्म हो गईं। दरअसल,ऑनलाइन गेम का टास्क पूरा करने के लिए तीन बहनों ने नौवीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली,यह वास्तव में दिल दहलाने वाली घटना है। पाठकों को बताता चलूं कि गाजियाबाद में टीला मोड़ थाना इलाके में 3 फरवरी 2026 मंगलवार को ऑनलाइन कोरियन गेम 'लव गेम' रात का टास्क पूरा करने के लिए भारत सिटी सोसायटी की नौवीं मंजिल से तीन बहनों ने एक साथ छलांग लगाकर खुदकुशी कर ली। इस संबंध में पुलिस को किशोरियों के कमरे से आठ पेज का सुसाइड नोट और एक डायरी मिली है। पुलिस ने दोनों को कब्जे में ले लिया है। तीनों के कमरे की दीवार पर 'मेक मी ए हार्ट ऑफ ब्रोकन' लिखा हुआ मिला है। पुलिस ने बताया है कि फ्लैट की बालकानी से रात 2.15 बजे तीन बहनों ने छलांग लगाने की सूचना मिली थी। वास्तव में यह घटना एक ऑनलाइन गेम की लत और उस पर अत्यधिक निर्भरता से जुड़ी है। पुलिस ने यह पाया कि बच्चों को गेम खेलने से रोकने पर वे भावनात्मक रूप से टूट गए थे। बहरहाल,यह पहली बार नहीं है जब ऐसी घटना घटित हुई है।पहले भी ऑनलाइन गेम्स के कारण बच्चों/लोगों की जानें जा चुकी है। दूसरे शब्दों में कहें तो भारत में ऑनलाइन गेमिंग (ऑनलाइन वीडियो गेम्स और मोबाइल गेम्स) से जुड़ी लत, तनाव और वित्तीय/मनोवैज्ञानिक दबाव के कारण कई घटक परिणाम सामने आए हैं, जिनमें कुछ मौतें, आत्महत्याएं और जानलेवा घटनाएँ शामिल हैं। यहां पाठकों को बताता चलूं कि वर्ष 2016-17 में ऑनलाइन गेम ब्लू व्हेल के कारण लोगों की जान चली गई थी। यह भी एक ऑनलाइन चैलेंज था और इसमें भी टास्क पूरे करने होते थे। वास्तव में कुछ टास्क खतरनाक होते थे, जिसमें लोगों की जान चली जाती थी।इसी प्रकार से साल 2018 में किकी चैलेंज बच्चों की बीच लोकप्रिय हुआ। इस टास्क में लोग कार को धीरे-धीरे चलाते हुए उससे बाहर आते थे और डांस करते थे। इस टास्क में कई लोग घायल हुए। इतना ही नहीं, मोमो चैलेंज भी 2018 में ही वायरल हुआ था। इसमें एक यूजर मोमो बच्चों को परेशान करता है। इसमें भी टास्क पूरा करने के लिए कहा जाता है, जिसमें खुद को नुकसान पहुंचाना भी शामिल था। इसी प्रकार से साल 2019 में मध्य प्रदेश के नीमच में 16 वर्षीय लड़के ने खबरों के अनुसार लगभग 6 घंटे लगातार पब-जी गेम खेलते रहने के बाद कार्डियक अरेस्ट (हार्ट अटैक) से मौत हो गई थी।परिवार के अनुसार वह गेम में इतनी लीन हो गया था कि अचानक स्वास्थ्य बिगड़ गया।" पुणे में भी एक 27 वर्षीय युवक पब-जी खेलते समय अचानक गिर पड़ा और हृदयाघात/स्ट्रोक से उसकी मौत हुई। डॉक्टरों ने गेम की लत और मानसिक तनाव को एक कारण माना। मोबाइल गेम 'फ्री-फायर' की लत के कारण (मध्य प्रदेश) में एक किशोर ने फांसी लगाकर अपनी जान ले ली।इसी प्रकार से इंदौर में एक 13 वर्षीय बच्चे ने ऑनलाइन गेम में हार और पैसे कटने के डर से आत्महत्या की, क्यों कि उसे यह डर था कि माता-पिता इसके लिए उसे डांटेंगे।राजस्थान के श्रीगंगानगर में भी एक युवक ने लूडो/ऑनलाइन गेमिंग में हानि के बाद कर्ज और तनाव के कारण आत्महत्या कर ली।यही नहीं, हाल ही में भोपाल में एक चौदह वर्षीय छात्र ने भी मोबाइल गेमिंग की लत के चलते फांसी लगा ली थी। बहरहाल, यदि हम यहां पर सरल शब्दों में बात करें तो हाल की घटनाएं यह दिखाती हैं कि आज के बच्चे और युवा डिजिटल दुनिया में कितनी गहराई तक फंसते जा रहे हैं। वे एक साथ दो दुनिया में जी रहे हैं-एक असली(वास्तविक) और दूसरी मोबाइल-स्क्रीन वाली आभासी दुनिया या यूं कहें कि वर्चुअल दुनिया। गेम और



सोशल मीडिया बुरे नहीं हैं, लेकिन जब यही किसी की पहचान, खुशी और सहारे का एकमात्र जरिया बन जाएं, तो समस्या खड़ी हो जाती है। बहरहाल , मीडिया में उपलब्ध जानकारी के अनुसार तीनों किशोरियां मोबाइल गेम की लत में थीं। पिता के रोकने पर उन्होंने यह कदम उठाया। हाल फिलहाल मामले की गहन जांच जारी है, लेकिन यह साफ है कि परिवार और बच्चों के बीच संवाद की कमी इस तरह की घटनाओं को जन्म देती है। आज कई परिवार या तो बच्चों की डिजिटल आदतों पर ध्यान नहीं देते, या फिर अचानक सख्ती दिखाने लगते हैं-लेकिन दोनों ही तरीके नुकसानदेह हैं। वास्तव में, यह समस्या सिर्फ एक परिवार या एक शहर तक सीमित नहीं है। झाबुआ और भोपाल की घटनाएं भी बताती हैं कि सोशल मीडिया और रील्स की लत रिश्तों और संवेदनाओं पर भारी पड़ रही है। जब रोक-टोक होती है, तो टकराव पैदा होता है, और वही टकराव कभी आत्महत्या तो कभी हिंसा का रूप ले लेता है।असल सवाल यही है कि क्या हम ऐसा समाज बना रहे हैं, जहां मोबाइल की दुनिया इंसानी रिश्तों से ज्यादा ताकतवर हो गई है। इस संकट से बचने का रास्ता सख्ती नहीं, बल्कि समझ, संवाद और संतुलन है-ताकि बच्चे स्क्रीन के नहीं, जीवन के साथ जुड़े रहें। दूसरे शब्दों में कहें तो ऑनलाइन गेमिंग की बढ़ती लत पर नियंत्रण के लिए माता-पिता और सरकार दोनों की अहम भूमिका है।माता-पिता को यह चाहिए कि वे अपने बच्चों के स्क्रीन टाइम की स्पष्ट सीमा तय करें और मोबाइल-इंटरनेट के उपयोग पर निगरानी रखें।घर में खेल-कूद, पढ़ाई और रचनात्मक गतिविधियों को बढ़ावा देकर बच्चों का ध्यान वैकल्पिक दिशा में मोड़ा जा सकता है।सच तो यह है कि बच्चे मिट्टी के घड़े होते हैं, जिन्हें कुम्हार की तरह सही हाथों से मनचाहा आकार दिया जा सकता है।माता-पिता और शिक्षक उस कुम्हार की भूमिका निभाते हैं, जिनका स्पर्श बच्चों का भविष्य गढ़ता है। वास्तव में सच तो यह है कि जैसी सोच, संस्कार और व्यवहार बच्चों को मिलते हैं, वे वैसे ही ढलते चले जाते हैं।प्रेम और धैर्य से दिया गया मार्गदर्शन उन्हें मजबूत बनाता है।डांट-फटकार की जगह समझ और संवाद उन्हें बेहतर इंसान बनाते हैं।अच्छे मूल्य बच्चों में आत्मविश्वास की नींव रखते हैं।गलत संगति या उपेक्षा उस कच्ची मिट्टी को बिगाड़ सकती है।इसलिए बचपन में दिया गया संस्कार जीवन भर साथ निभाता है।हर बच्चा अनोखा घड़ा है, जिसे अलग समझ की जरूरत होती है।समझदारी भरे हाथों में ही सुंदर और टिकाऊ व्यक्तित्व आकार लेता है। इसलिए इस क्रम में बच्चों से लगातार /सतत संवाद बनाए रखना और उन्हें ऑनलाइन खतरों के प्रति जागरूक करना भी जरूरी है।सरकार को भी यह चाहिए कि सरकार उम्र-आधारित नियमों के साथ सख्त कानून बनाए। होना तो यह चाहिए कि ऑनलाइन गेम्स में समय और खर्च की सीमा तय हो।स्कूलों में डिजिटल साक्षरता और काउंसलिंग कार्यक्रम शुरू किए जा् सकते हैं।अवैध और सट्टानुमा गेमिंग ऐप्स पर सख्ती से रोक लगाये जाने की आवश्यकता महत्ती है।

## राशिफल

मेष राशि : आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। अपने विचारों के साथ-साथ दूसरे लोगों के विचारों पर भी गौर देने की जरूरत है। आय के साधन बढऩे के साथ-साथ खर्चो की भी अधिकता बनी रहेगी। बाहरी व्यक्तियों का हस्तक्षेप अपने व्यक्तिगत कार्यों पर ना होने दें। आज जीवनसाथी और परिवारजनों के साथ कुछ समय मनोरंजन में बिताएंगे। इससे मन प्रसन्न रहेगा और पारिवारिक सौहार्द बना रहेगा।

वृष राशि : आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आप अपने संपर्क में आने आने वाले हर व्यक्ति के साथ प्रेमपूर्वक व्यवहार करेंगे। विचारों में स्थिरता और दृढ़ता रहने से आप अपने कार्यों को अच्छी तरह कर पाएंगे। सामाजिक रुप से मान-प्रतिष्ठा बनी रहेगी। आज दूसरों के भरोसे अपने कार्यों को न छोड़ें, इसका असर आपके कार्यक्षेत्र में पड़ सकता है। अपनी बेहतर प्रतिभा को दिखाते हुए अपने कार्यक्षेत्र में आगे बढऩे की कोशिश करें। लवमेट मूवी देखने जा सकते हैं।

मिथुन राशि : आज का दिन आपके लिए बहुत बढिय़ा रहेगा। इस राशि के स्टूडेंट्स को आज किसी कंपनी से नए जॉब के लिए कॉल आ सकती है। साथ ही कम्प्यूटर कोर्स ज्वॉइन करना चाहते है तो आज का दिन शुभ है। आज जल्दबाजी की बजाए शांति और धैर्य पूर्ण तरीके से कामों को अंजाम देना आपके काम को ज्यादा सुगम बनाएगा। नजदीकी लोगों से मुलाकात फायदेमंद साबित होगी। आज परिवार के साथ वस्त्र आभूषण जैसी खरीदारी में भी सुखद समय व्यतीत होगा।

कर्क राशि : आज आपके सोचे हुए काम पूरे होंगे। अगर आज नए बिजनेस की शुरूआत करने की सोच रहें है तो आज का दिन आपके लिए शुभ है। जीवनसाथी के सहयोग से आपको किसी बड़े काम में सफलता मिलेगी। आज आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर रहेगी। आज अपनी व्यावसायिक कार्य प्रणाली में कुछ बदलाव लाने की कोशिश करेंगे। इंपोर्ट-एक्सपोर्ट के बिजनेस में फायदा होने के योग हैं। किसी मित्र से चल रही अनबन आज दूर होगी।

सिंह राशि : आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज उन चीजों को महत्व दें जो सच में आपके लिए महत्वपूर्ण हैं। आपको अपने दोस्तों और काम के बीच संतुलन बनाकर रखना होगा, जिससे आपको ज्यादा से ज्यादा काम करने का समय मिल सके। सोचा हुआ कार्य समय पर पूरा होने से आप अपने अंदर ऊर्जा और आत्मविश्वास महसूस करेंगे। संतान की किसी उपलब्धि से सुकून व खुशी महसूस होगी। आज अपने काम खुद ही करें और निवेश संबंधी गतिविधियों में जल्दबाजी न करें।

कन्या राशि : आज आपका दिन खास रहेगा। आज रास्ते में जाते समय आपकी मुलाकात किसी ऐसे व्यक्ति से हो सकती है, जिसका फायदा आपको भविष्य में अवश्य मिलेगा। असमंजस की स्थिति में परिवार वालों की सलाह लेना अच्छा रहेगा। इस समय मार्केटिंग संबंधी कार्यों पर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। दांपत्य जीवन सुखद और मधुरता पूर्ण रहेगा। आज जीवनसाथी के साथ मिलकर घर के जरूरी कामों को पूरा करने में व्यस्त रहेंगे।

तुला राशि : आज का दिन आपके लिए ठीक रहेगा। किसी काम को करने में आज आपके सामने कठिनाइयां आएंगी, आप अपनी सूझ-बूझ से उनसे निपटने में सफल होंगे। आज समाज में आपको अपनी कार्यशीलता के लिए सम्मानित किया जा सकता है। साझेदारी संबंधी व्यापार की योजना बना रहे हैं तो उससे जुड़े सभी मामलों पर अच्छे से सोच-विचार कर लें। घर के बाहर रहकर जो लोग जॉब कर रहे हैं, उनको अपने परिवार वालों से मिलाने का मौका मिलेगा।

वृश्चिक राशि : आज पुराने विचारों को छोड़कर नए विचारों को अपनाएंगे। आपके इस विचार को देखकर परिवार का मन उत्साह से भर जाएगा। साथ ही आज घर पर अपना मनपसंद खाना खा सकते है। किसी उलझन का समाधान मिलने से आपका मन प्रसन्न रहेगा। अपने व्यक्तिगत कार्यों में किसी और का हस्तक्षेप न होने दें। इस राशि के जो लोग अपने करियर की नई शुरुआत करने की सोच रहे है, उनके लिए दिन अच्छा है।

धनु राशि : आज आपका दिन खुशनुमा रहने वाला है। इस राशि के बिजनेसमैन आज किसी जरूरी काम से विदेश की यात्रा कर सकते है। यात्रा लाभदायक होगी। कारोबार में बहुत सावधानी रखने की जरूरत है। धैर्य और संयम से मुश्किल समय निकल जाएगा। साझेदारी के व्यवसाय में पारदर्शिता बनाए रखने से अच्छा रहेगा। इस राशि के प्रोफेशर्स के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। किसी अच्छे कॉलेज से ऑफर आ सकता है। माता-पिता का आशीर्वाद लेने से आपको सारे कामों में सफलता जरूर मिलेगी।

मकर राशि : आज आपका दिन राहत से भरा रहेगा। आर्थिक स्थिति में आज सुधार आएगा। समय का उचित सदुपयोग करें। सामाजिक गतिविधियों में आपके विचारों को विशेष प्राथमिकता मिलेगी। युवाओं का मन मुताबिक कार्य पूरा होने से सुकून मिलेगा। आज आपको जीवनसाथी के प्रति अपना व्यवहार बदलने की जरूरत है। एक दूसरे के भावनाओं की कद्र करें। घर के बुजुर्गों की विशेष देखभाल और आदर-मान बनाए रखें और उनके मार्गदर्शन पर भी ध्यान दें।

कुंभ राशि : आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहेगा। अनुभवी लोगों का मार्गदर्शन लेना आपके लिए सहायक रहेगा। किसी विदेशी कंपनी से जॉब के लिए कॉल आ सकती है। घर का माहौल सुखद और शांतिपूर्ण बना रहेगा। किसी मित्र से मुलाकात होगी और पुरानी यादें ताजा होंगी। आज किसी कानूनी मामले में आपको राहत मिल सकती है। कमीशन का काम करने वाले लोगों को थोड़ा सावधान रहना होगा। आज परिवारवालों के साथ घर में पार्टी कर सकते हैं। आज आपका दांपत्य जीवन शानदार रहने वाला है।

मीन राशि :आज का दिन आपके लिए फायदेमंद रहेगा। बिजनेस में आपको फायदा मिलने वाला है। उधार दिया हुआ पैसा आज वापस मिलेगा। आज आपका स्वास्थ्य पहले से बेहतर रहेगा। दिन की शुरुआत कुछ व्यस्तता वाली रह सकती है लेकिन अंत में बेहतर परिणाम हासिल होंगे। किसी प्रभावशाली व्यक्ति से मुलाकात लाभदायक रहेगी। इस राशि के वकीलों के लिए आज का दिन महत्वपूर्ण है। आज सभी केस उनके पक्ष में रहेंगे, साथ ही नए केस मिल सकते हैं।

## सू- दोकू क्र.307

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | | 1 | | 5 | |
| 6 | | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | 3 | | | | 2 | | 1 | |
| | | 3 | | 9 | | 5 | | 4 |
| 5 | | | 3 | | | | 9 | |
| | | 4 | | 2 | | | | 6 |
| 4 | | | 2 | | 3 | | 6 | |
| | | 6 | | | | 8 | | 7 |
| | 2 | 9 | 7 | | 6 | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र 306 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 5 | 9 | 3 | 4 | 7 | 6 |
| 4 | 7 | 8 | 1 | 6 | 2 | 3 | 5 | 9 |
| 3 | 6 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 |
| 8 | 5 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 7 | 9 | 4 | 2 | 1 | 6 | 8 | 3 | 5 |
| 6 | 4 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 | 3 |
| 1 | 8 | 5 | 4 | 3 | 7 | 9 | 6 | 2 |
| 9 | 2 | 3 | 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 |

## शब्द सामर्थ्य -307

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, वक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

**ऊपर से नीचे**

1. विचित्र, अद्‌भूत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | ■ | 4 | 5 | ■ | ■ |
| 6 | | ■ | 7 | | | | 8 | ■ |
| 9 | | 10 | | ■ | | ■ | 11 | |
| 12 | | | ■ | 13 | | 14 | | ■ |
| ■ | 15 | | | | ■ | | ■ | 16 |
| 17 | ■ | | ■ | 18 | | | ■ | |
| 19 | | ■ | ■ | ■ | ■ | 20 | 21 | |
| | ■ | 22 | | 23 | | ■ | 24 | |
| 25 | | | ■ | 26 | | | | ■ |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 306 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दि | क्र | त | ■ | आ | सा | न | ■ | आ |
| ल | ■ | मी | ■ | खि | ■ | सी | ख | ना |
| ■ | म | ज | बू | र | ■ | ह | ■ | जा |
| स | र्द | ■ | ■ | का | ■ | त | रा | ना |
| र | ■ | ■ | ■ | र | वि | ■ | ह | ■ |
| प | ह | ना | ना | ■ | ना | रा | ज | ■ |
| ट | ■ | ■ | क | शि | श | ■ | नी | ला |
| ■ | र | ■ | ■ | का | ■ | रा | ■ | य |
| खा | ति | र | दा | री | ■ | त | क्ष | क |

**विश्लेषण**

# सोना-चांदी की बेलगाम उड़ान: शादी के सपनों पर भारी पड़ती कीमतें

**अशोक कुमार साहू**

चार दिनों की अल्पकालिक राहत के बाद देश में सोने और चांदी की कीमतें एक बार फिर बेकाबू हो गई हैं। यह तेजी केवल बाजार के आंकड़ों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके गहरे सामाजिक और मानवीय परिणाम सामने आने लगे हैं। ग्रामीण भारत में, जहां आभूषण सिर्फ गहना नहीं बल्कि बेटी की सुरक्षा, सम्मान और भविष्य की गारंटी माने जाते हैं, वहां बढ़ती कीमतों ने लाखों परिवारों की चिंताएं बढ़ा दी हैं। किसान, श्रमिक और निम्न-मध्यम वर्गीय परिवार आज अपनी वर्षों की बचत के बावजूद बेटियों के विवाह के लिए न्यूनतम आभूषण तक जुटा पाने में असमर्थ होते जा रहे हैं।



सोना-चांदी की यह महंगाई अब केवल आर्थिक चुनौती नहीं रही, बल्कि सामाजिक ताने-बाने पर सीधा दबाव डालने लगी है। राजस्थान से राज्यसभा के कांग्रेस सांसद नीरज डांगी ने हाल ही में संसद में सोने-चांदी की कीमतों में असाधारण वृद्धि का मुद्दा उठाते हुए सरकार का ध्यान इस गंभीर समस्या की ओर आकृष्ट किया। उन्होंने कहा कि पिछले 13 महीनों में चांदी की कीमतों में लगभग 306 प्रतिशत और सोने की कीमतों में करीब 111 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। जिस देश में सोना-चांदी नारी की सुरक्षा, आत्मसम्मान और पारिवारिक भविष्य से जुड़ा हुआ है, वहां इनकी कीमतों को यूं ही बेलगाम छोड़ देना सरकार की विफल आर्थिक नीतियों को उजागर करता है।

श्री डांगी ने यह भी कहा कि एक ओर सरकार महिला सशक्तिकरण की बात करती है, वहीं दूसरी ओर भारी जीएसटी, ऊंचे आयात शुल्क और जमाखोरों पर प्रभावी नियंत्रण न कर महिलाओं की वर्षों की बचत को मूल्यहीन बना रही है। उन्होंने सरकार से मांग की कि देशहित में सोने और चांदी की कीमतों पर हस्तक्षेप किया जाए, जीएसटी की दरों में कटौती की जाए और जमाखोरी रोकने के लिए कठोर कदम उठाए जाएं।

गौरतलब है कि गत शुक्रवार को सोने की कीमत में करीब 12 प्रतिशत, चांदी में 26 प्रतिशत और प्लैटिनम में 18 प्रतिशत की बड़ी गिरावट दर्ज की गई थी, जिसे आम लोगों के लिए बड़ी राहत के रूप में देखा गया। लेकिन यह राहत महज चार दिन ही टिक सकी। मंगलवार, 3 फरवरी को अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने और चांदी की कीमतों में फिर जोरदार उछाल आया। वैश्विक बाजार में हाजिर सोना लगभग 4 प्रतिशत की मजबूती के साथ 4,830 डॉलर प्रति औंस तक पहुंच गया, जबकि हाजिर चांदी करीब 8 प्रतिशत की छलांग लगाकर 82.74 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार करने लगी।

भारत में भी इसका असर साफ दिखा। एमसीएक्स पर सोना करीब चार प्रतिशत की तेजी के साथ 1,48,950 रुपये प्रति दस ग्राम तक पहुंच गया, वहीं चांदी 6.75 प्रतिशत की तेजी के साथ 2,52,200 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार करती दिखी।

सोने और चांदी की कीमतों की यह अस्थिरता अब वैश्विक समस्या बन चुकी है। ऐतिहासिक तेजी के बाद अचानक गिरावट और फिर कुछ ही दिनों में दोबारा तेज़ी यह संकेत देती है कि फिलहाल कीमतों में स्थिरता की उम्मीद करना जल्दबाजी होगी। उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ सहित कई राज्यों में परंपरागत रूप से ज्वैलर्स शादी-विवाह के लिए अग्रिम राशि लेकर पहले ही आभूषणों की दर तय कर लेते थे। लेकिन मौजूदा अस्थिरता के कारण ज्वैलर्स भी इससे बच रहे हैं, जिससे आम लोगों की परेशानियां और बढ़ गई हैं। देश में इस समय शादी-विवाह का सीजन चल रहा है। बढ़ती कीमतों ने किसान, श्रमिक और निम्न-मध्यम वर्ग के परिवारों के लिए न्यूनतम आभूषण खरीदना भी मुश्किल बना दिया है। शहरी इलाकों के बाहर छोटे शहरों और कस्बों में आभूषणों की बिक्री पर इसका साफ असर दिख रहा है। लोग अब कम वजन के आभूषण खरीदने को मजबूर हैं। कई विक्रेताओं ने किस्तों और विशेष योजनाओं की शुरुआत जरूर की है, लेकिन आम लोगों में इनके प्रति खास आकर्षण नहीं है।

ग्रामीण और निम्न-मध्यम वर्गीय परिवारों में चांदी के आभूषणों का भी विवाह में विशेष महत्व रहा है, लेकिन चांदी की कीमतों में आई बेतहाशा वृद्धि ने उनके बजट को पूरी तरह बिगाड़ दिया है। एक ग्राम गोल्ड ज्वैलरी का चलन हाल के वर्षों में बढ़ा है, लेकिन ज्वैलर्स के अनुसार लोग इसे शादी-विवाह में देने के बजाय अपने व्यक्तिगत उपयोग के लिए अधिक खरीद रहे हैं। महिलाएं विवाह समारोहों में इन्हीं हल्के आभूषणों को पहन रही हैं। ज्वैलर्स का मानना है कि आने वाले समय में इस प्रवृत्ति में और तेजी आएगी।

भारत में शादी-विवाह में दिए जाने वाले आभूषण केवल परंपरा नहीं, बल्कि एक तरह की नकदी संपत्ति भी रहे हैं। मुश्किल समय में परिवार इन्हें बेचकर या इन पर ऋण लेकर अपनी जरूरतें पूरी करते रहे हैं। कोरोना काल में तो आभूषणों ने असंख्य परिवारों के लिए जीवनरेखा का काम किया। मकान के बाद आभूषण ही ऐसी संपत्ति है, जिसे निम्न और मध्यम वर्ग के परिवार बहुत मजबूरी में ही बेचते हैं। कीमतों में तेज उतार-चढ़ाव का सीधा असर देश के ज्वेलरी और सराफा व्यापार पर भी पड़ रहा है। अंतरराष्ट्रीय बाजार की स्थितियां, आयात लागत, डॉलर के मुकाबले रुपये की स्थिति और निवेश की प्रवृत्तियां—इन सभी कारणों से सराफा बाजार इस समय बेहद संवेदनशील दौर से गुजर रहा है। जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन (JITO), रायपुर के अध्यक्ष और छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध सर्राफा कारोबारी तिलोकचंद बरड़िया का कहना है कि भारत का ज्वेलरी सेक्टर करोड़ों लोगों की आजीविका से जुड़ा है और इसमें स्थिरता बनाए रखना बेहद जरूरी है। उनके अनुसार कीमतों में बार-बार होने वाले उतार-चढ़ाव से खुदरा मांग प्रभावित होती है, जिससे छोटे और मध्यम ज्वैलर्स को स्टॉक मैनेजमेंट, कैश फ्लो और ग्राहक विश्वास जैसी गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। विवाह और त्योहारी सीजन को देखते हुए यह आवश्यक है कि बाजार में विश्वास का माहौल बने। उन्होंने सरकार से आयात शुल्क, टैक्स स्ट्रक्चर और अनुपालन प्रक्रियाओं को सरल और व्यावहारिक बनाने की मांग की, ताकि ज्वेलरी और सराफा व्यापार को राहत मिल सके और रोजगार के नए अवसर पैदा हों।

पिछले एक साल में सोने की कीमतों में लगभग 60 प्रतिशत की वृद्धि हो चुकी है। इसी अवधि में कीमती धातुओं में निवेशकों की भारी मांग देखी गई, जिससे एक के बाद एक रिकॉर्ड बने। यह तेजी अनुभवी ट्रेडरों के लिए भी चौंकाने वाली रही और कीमतों में असाधारण उतार-चढ़ाव पैदा हुआ। जनवरी में यह रुझान और तेज हुआ, जब कमजोर होती मुद्राओं, फेडरल रिजर्व की स्वतंत्रता को लेकर चिंताओं, ट्रेड वॉर और भू-राजनीतिक तनाव के बीच निवेशकों ने सुरक्षित विकल्पों की ओर रुख किया।

ब्लूमबर्ग के मुताबिक, हालिया गिरावट और तेजी के दौर में डॉलर की मजबूती और ऑस्ट्रेलियाई डॉलर व स्वीडिश क्रोना जैसी कमोडिटी करेंसी में बिकवाली भी अहम कारण रही। 26 जनवरी को सोने की कीमत पहली बार 5,000 डॉलर प्रति औंस के पार चली गई थी, जो भारतीय मुद्रा में लगभग 4,57,000 रुपये प्रति औंस और 10 ग्राम के हिसाब से करीब 1,61,000 रुपये बैठती है। 2025 में ही सोने ने 60 प्रतिशत से अधिक की सालाना बढ़त दर्ज कर ली थी, जो 1979 के बाद सबसे ज्यादा है।

शेयर बाजार की अनिश्चितता, भू-राजनीतिक तनाव, डॉलर पर निर्भरता कम करने की कोशिशें और केंद्रीय बैंकों की भारी खरीदारी—ये सभी कारक सोने और चांदी की कीमतों को ऊंचे स्तर पर बनाए हुए हैं। चीन, पोलैंड, तुर्की, भारत और कज़ाकिस्तान जैसे देश अपने रिजर्व में लगातार सोना बढ़ा रहे हैं। गोल्डमैन सैक्स के अनुसार उभरते देश हर महीने औसतन 60 टन सोना खरीद रहे हैं।

स्पष्ट है कि सोने और चांदी की मौजूदा तेजी केवल निवेश का सवाल नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक संतुलन से जुड़ा मुद्दा बन चुकी है। ऐसे में सरकार के लिए यह जरूरी हो गया है कि वह बाजार की अस्थिरता को नियंत्रित करने, कर ढांचे को तर्कसंगत बनाने और आम जनता, विशेषकर निम्न और मध्यम वर्ग, को राहत देने के लिए ठोस कदम उठाए। क्योंकि अगर आभूषण आम लोगों की पहुंच से पूरी तरह बाहर हो गए, तो इसका असर केवल बाजार पर नहीं, बल्कि सामाजिक ताने-बाने पर भी पड़ेगा।

### मुख्यमंत्री की पहल से साकार हो रहा श्रद्धालुओं का सपना

# श्रीरामलला दर्शन योजना के तहत जिले से 112 श्रद्धालुओं का जत्था रवाना





**रायगढ़, 5 फरवरी।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की दूरदर्शी सोच और संवेदनशील पहल का परिणाम आज रायगढ़ जिले में देखने को मिला, जब श्री रामलला दर्शन योजना के अंतर्गत 112 श्रद्धालुओं का 15वां जत्था अयोध्या धाम के लिए रवाना हुआ। वर्षों से मन में संजोया गया श्री रामलला के दर्शन का सपना श्रद्धालुओं के लिए साकार हो रहा है।

यात्रा के समय श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह, भक्ति और भावनात्मक उल्लास देखने को मिला। जय श्रीराम के जयघोष के बीच श्रद्धालुओं ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह योजना उनके जीवन की सबसे बड़ी आध्यात्मिक उपलब्धि है। एक तीर्थयात्री ने भावुक स्वर में कहा कि बचपन से रामायण में रामजन्मभूमि की कथाएँ सुनते आए हैं, आज पहली बार उसी पावन भूमि पर कदम रखने का सौभाग्य मिलने जा रहा है। यह पल शब्दों से परे है-आँखें नम हैं और मन आनंद से भरा हुआ है।

श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए शासन द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण, भोजन, आवास एवं आवागमन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। श्रद्धालुओं को रायगढ़ से बिलासपुर रेलवे स्टेशन तक पहुँचाया गया, जहां से वे विशेष ट्रेन द्वारा अयोध्या धाम के लिए रवाना हुए। यात्रियों के मार्गदर्शन और सहयोग हेतु अधिकारियों की टीम भी जत्थे के साथ भेजी गई है। जिला प्रशासन ने श्रद्धालुओं को शुभकामनाओं के साथ विदाई दी तथा उनके सुरक्षित, सुखद और सफल दर्शन की कामना की।

# अवैध शराब परिवहन मामलों में सुनवाई 23 फरवरी को

**रायगढ़, 5 फरवरी।** कलेक्टर न्यायालय रायगढ़ द्वारा आबकारी अधिनियम के तहत दर्ज प्रकरणों में जब्त वाहनों के संबंध में सूचना पत्र जारी किए गए हैं। जारी सूचना के अनुसार अवैध शराब परिवहन से जुड़े दो अलग-अलग मामलों में वाहन स्वामियों को न्यायालय में 23 फरवरी 2026 को उपस्थित होकर पक्ष प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान किया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सहायक आयुक्त आबकारी रायगढ़ द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर थाना तमनार एवं थाना जूटमिल क्षेत्र अंतर्गत अवैध रूप से शराब का परिवहन करते हुए वाहनों को जब्त किया गया था। जांच के दौरान संबंधित वाहनों से बड़ी मात्रा में अवैध मदिरा का परिवहन पाया गया, जिस पर छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2) एवं 59(क) के तहत प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। सूचना पत्र में उल्लेख किया गया है कि संबंधित वाहन स्वामी यदि जब्त किए गए वाहनों के संबंध में कोई दावा अथवा पक्ष प्रस्तुत करना चाहते हैं, तो वे निर्धारित तिथि 23 फरवरी 2026 को अपराह्न 3 बजे कलेक्टर न्यायालय रायगढ़ में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से आवश्यक दस्तावेजों सहित उपस्थित हो सकते हैं।

कलेक्टर न्यायालय द्वारा स्पष्ट किया गया है कि निर्धारित तिथि पर उपस्थित न होने की स्थिति में प्रकरण में एकपक्षीय कार्यवाही कर आदेश पारित किया जाएगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी संबंधित वाहन स्वामी की होगी। उक्त सूचना पत्र संयुक्त कलेक्टर एवं सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किए गए हैं। प्रशासन ने अवैध मदिरा परिवहन के विरुद्ध निरंतर सख्त कार्रवाई जारी रखने की बात दोहराई है और आम नागरिकों से कानून का पालन करने की अपील की गई है।

### तोकापाल में फाइलेरिया उन्मूलन का 10 फरवरी से शुरू होगा महाअभियान

**जगदलपुर 5 फरवरी।** पूरे छत्तीसगढ़ राज्य के साथ तोकापाल ब्लॉक को फाइलेरिया और कृमि के प्रकोप से मुक्त बनाने की दिशा में स्थानीय प्रशासन ने कमर कस ली है। आगामी 10 फरवरी से शुरू होने वाले इस वृहद् सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मंगलवार को अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), श्री शंकरलाल सिन्हा की अध्यक्षता में एक अहम अंतर-विभागीय समन्वय बैठक संपन्न हुई।

## एक नजर

### विधानसभा सत्र के दौरान पत्राचार समन्वय के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

**रायगढ़, 5 फरवरी।** छत्तीसगढ़ विधानसभा का षष्ठम विधानसभा का अष्टम सत्र सोमवार 23 फरवरी 2026 से प्रारंभ होकर शुक्रवार 20 मार्च 2026 तक आहूत किया गया है। विधानसभा सत्र के दौरान प्राप्त होने वाले तारांकित एवं अतारांकित प्रश्नों, स्थगन प्रस्ताव, आश्वासन, ध्यानाकर्षण, अशासकीय संकल्प, याचिका तथा लोक लेखा समिति से संबंधित पत्राचार एवं जानकारी निर्धारित समय-सीमा में शासन एवं वरिष्ठ कार्यालय को उपलब्ध कराए जाने के उद्देश्य से नोडल अधिकारी की नियुक्ति की गई है।कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी द्वारा जारी आदेश के अनुसार संयुक्त कलेक्टर श्रीमती पूजा बंसल को इस कार्य हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। नोडल अधिकारी द्वारा विधानसभा सत्र अवधि में संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित करते हुए आवश्यक सूचनाएं संकलित कर समयबद्ध रूप से प्रेषित की जाएगी।

### ऋण वसूली शिविर 6 से 27 फरवरी तक

**धमतरी, 5 फरवरी।** जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्यादित धमतरी द्वारा संचालित राष्ट्रीय निगम की योजनाओं में लाभान्वित सभी ऋणी हितग्राहियों से ऋण वसूली करने के लिए 6 से 27 फरवरी तक शिविर आयोजित किए जाएंगे। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्यादित धमतरी ने बताया कि 6 फरवरी को जनपद पंचायत भवन कुरूद, 17 फरवरी को कलेक्टोरेट के कक्ष क्रमांक 48 स्थित जिला अंत्यावसायी कक्ष में, 20 फरवरी को जनपद पंचायत भवन मगरलोड और 27 फरवरी को अंत्यावसायी प्रशिक्षण केन्द्र नगरी में शिविर लगाए जाएंगे। दोपहर 12 से 3 बजे तक आयोजित इन शिविरों में हितग्राहियों को किश्त राशि जमा कर रसीद प्राप्त करने और दाण्डिक ब्याज से बचने के लिए ऋण की संपूर्ण बकाया राशि अदा करने की अपील की गई है।

### प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना के तहत शिविर 10 से 25 फरवरी तक

**धमतरी, 5 फरवरी।** प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना (पी.एम.अजय) के तहत स्वरोजगार स्थापित करने के लिए ऋण राशि एक लाख रूपये, जिसमें अनुदान राशि 50 प्रतिशत अथवा अधिकतम 50 हजार रूपये है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्यादित ने बताया कि योजना में विभिन्न व्यवसायों के लिए ऋण लेने के इच्छुक 18 से 50 वर्ष तक की आयु के आवेदकों का आवेदन पत्र तैयार करने 10 से 25 फरवरी तक अनुसूचित जाति बाहुल्य ग्रामों में शिविर आयोजित किया जाएगा।मगरलोड विकासखण्ड के ग्राम पंचायत दुधवारा में 10 फरवरी, कुरूद विकासखण्ड के ग्राम पंचायत कोड़ापार में 13 फरवरी, धमतरी विकासखण्ड के ग्राम पंचायत दोनर में 18 फरवरी और कुरूद विकासखण्ड के रावनगुड़ा में 25 फरवरी को शिविरों का आयोजन किया जाएगा। यह सभी शिविर दोपहर 12 से 3 बजे तक आयोजित किए जाएंगे।

### एकीकृत बाल विकास परियोजना धमतरी ग्रामीण के 8 आंगनबाड़ी केन्द्रों में होगी सहायिका की भर्ती

**धमतरी, 5 फरवरी।** एकीकृत बाल विकास परियोजना ग्रामीण के तहत भानपुरी स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक-03 और क्रमांक-02, आंगनबाड़ी केन्द्र धौराभाठा, बोदाछापर, तिर्रा, दोनर क्रमांक-02, तेन्दूकोना और खरेंगा के आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 01 में सहायिका के रिक्त पद पर भर्ती की जानी है। परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना धमतरी ग्रामीण ने बताया कि सहायिका की भर्ती के लिए इच्छुक पात्र ऐसी महिलाएं जो उसी ग्राम, पारा अथवा टोला की निवासी हैं, वे ई-भर्ती पोर्टल RL:-http://aww.e-bharti.in/ पर आगामी 9 से 23 फरवरी तक आवेदन कर सकतीं हैं। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए संबंधित परियोजना कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है। परियोजना अधिकारी ने यह भी बताया कि आवेदन ऑनलाईन ही स्वीकृत किए जाएंगे।

### आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**कांकेर, 5 फरवरी।** कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 में दिए गए अधिकारों का प्रयोग करते हुए सर्प काटने एवं गड्ढे में गिरने व डूबने से मृत्यु होने के दो प्रकरण में मृतक के आश्रितों लिए चार-चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कांकेर तहसील के ग्राम कानागांव निवासी 34 वर्षीय श्रीमती कौशिल्या कोर्राम की सर्प काटने से मृत्यु होने के प्रकरण में उनके निकटतम आश्रित श्री पिरेन को चार लाख रूपए तथा कांकेर तहसील के ग्राम तेलावट निवासी 25 वर्षीय बिरेन्द्र कुमार साहू की गड्ढे में गिरकर डूबने से मृत्यु होने के प्रकरण में उनकी पत्नी श्रीमती वेदिका साहू को चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता कलेक्टर द्वारा स्वीकृत की गई है।

# पीएमश्री शासकीय नटवर विद्यालय रायगढ़ में विद्यालय परिपूर्णता जांच एवं समीक्षा की गई



**रायगढ़, 5 फरवरी।** कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार एवं जिला शिक्षा अधिकारी डॉ.के.वी.राव के मार्गदर्शन में पीएमश्री शासकीय नटवर विद्यालय रायगढ़ में पीएमश्री योजना के अंतर्गत विद्यालय की परिपूर्णता जांच एवं समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

निरीक्षण के दौरान विद्यालय की हिंदी माध्यम एवं अंग्रेजी माध्यम की प्रथम एवं द्वितीय पाली का अवलोकन किया गया। कक्षा संचालन, शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया, शैक्षणिक गतिविधियों एवं विद्यालयी वातावरण का सूक्ष्म परीक्षण करने के उपरांत दोनों पालियों के शिक्षकों के साथ विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई।नोडल अधिकारी पीएमश्री विद्यालय एवं सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी रायगढ़ श्री डी.पी.पटेल ने बताया कि समीक्षा बैठक में पीएमश्री विद्यालय परिपूर्णता के आठ प्रमुख बिंदुओं के साथ-साथ प्रबंधन एवं वित्तीय परिपूर्णता पर विस्तार से चर्चा की गई। इसमें विद्यालय की भौतिक अधोसंरचना जैसे भवन, कक्ष, फर्नीचर एवं मूलभूत सुविधाएं, शैक्षणिक परिवेश, शैक्षणिक गुणवत्ता एवं शैक्षणिक परिणाम, डिजिटल शिक्षण व्यवस्था, दस्तावेज एवं अभिलेख संधारण, समावेशी शिक्षा, पेयजल, स्वच्छता एवं स्वास्थ्य व्यवस्था तथा नवाचार आधारित शैक्षणिक गतिविधियों की समीक्षा की गई। इसके साथ ही विद्यालय प्रबंधन एवं वित्तीय व्यवस्था के अंतर्गत विद्यालय प्रबंधन समिति की सक्रियता, शासन से प्राप्त अनुदान राशि का नियमानुसार एवं पारदर्शी उपयोग, वित्तीय अभिलेखों का सुव्यवस्थित संधारण तथा समयबद्ध वित्तीय क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया गया। निरीक्षण के दौरान छात्रहित से संबंधित योजनाओं की भी विशेष समीक्षा की गई, जिसमें छात्रवृत्ति योजनाएं, आधार सत्यापन, पाठ्यपुस्तक वितरण, गणवेश वितरण, साइकिल वितरण, स्वास्थ्य परीक्षण एवं कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। छात्रहित के अंतर्गत मध्यान्ह भोजन योजना की भी विस्तृत समीक्षा की गई। भोजन की गुणवत्ता, पोषण स्तर, स्वच्छता, नियमितता, समय पर वितरण तथा विद्यार्थियों की उपस्थिति एवं स्वास्थ्य पर इसके सकारात्मक प्रभाव पर चर्चा करते हुए योजना के सुचारु, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण संचालन हेतु निर्देश दिए गए।नोडल अधिकारी श्री डी. पी. पटेल द्वारा शिक्षकों को निर्देशित किया गया कि पीएमश्री योजना के अंतर्गत निर्धारित सभी शैक्षणिक, भौतिक, प्रबंधन एवं वित्तीय मानकों की शत-प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित करते हुए विद्यालय को पूर्ण रूप से परिपूर्ण बनाया जाए, ताकि प्रत्येक योजना का लाभ समयबद्ध रूप से सभी पात्र विद्यार्थियों तक पहुंच सके। इस अवसर पर पीएमश्री शासकीय नटवर विद्यालय रायगढ़ के प्राचार्य श्री दिनेश अग्रवाल एवं सीएसी श्री जाफरी सहित समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे। बैठक के अंत में सभी शिक्षकों ने छात्रहित, पोषणयुक्त शिक्षा एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षण के लिए पूर्ण निष्ठा, अनुशासन एवं प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया।

# टीबी मुक्त पंचायत सत्यापन को लेकर बैठक में की गई चर्चा



**रायगढ़, 5 फरवरी।** राज्य शासन के दिशा-निर्देशानुसार एवं कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में टी.बी. मुक्त पंचायत सत्यापन के संबंध में जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य पंचायतों को टी.बी. मुक्त घोषित करने हेतु आवश्यक मानकों की समीक्षा एवं कार्ययोजना तैयार करना रहा।

बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जगत ने बताया कि प्रति 1000 जनसंख्या पर 30 संदेहास्पद व्यक्तियों की जांच अनिवार्य है। साथ ही प्रति 1000 जनसंख्या में एक या एक से कम टी.बी. मरीज की पुष्टि तथा उपचार सफलता दर कम से कम 85 प्रतिशत होना आवश्यक है, तभी पंचायत को टी.बी. मुक्त घोषित किया जा सकेगा। जिला क्षय अधिकारी डॉ. जयकुमारी चौधरी ने जानकारी दी कि दवा संवेदीकरण (ड्रग सेंसिटिविटी) परीक्षण की दर न्यूनतम 60 प्रतिशत होना अनिवार्य है। इसके अतिरिक्त निक्षय पोषण योजना के अंतर्गत 50 प्रतिशत लाभ पहुंचाना तथा निक्षय मित्र के माध्यम से प्रत्येक टी.बी. मरीज को अतिरिक्त पोषण आहार उपलब्ध कराना आवश्यक है।

बैठक में सभी विकासखंडों के खंड चिकित्सा अधिकारियों के प्रतिनिधि, जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत के प्रतिनिधि, मेडिकल कॉलेज के पीएसएम विभाग के चिकित्सा अधिकारी प्रतिनिधि, पंचायत प्रतिनिधि सहित जिला नोडल अधिकारी श्री अविनाश चंद्रा, डॉ. केनन डेनियल एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री रंजना पैकरा उपस्थित रहे। बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे विकासखंड स्तर पर जाकर टी.बी. मुक्त पंचायत की स्थिति का भौतिक सत्यापन करें एवं अपनी समीक्षा रिपोर्ट मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्धारित समय-सीमा में प्रस्तुत करें, ताकि जिले को टी.बी. मुक्त बनाने की दिशा में प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके।

### मादक पदार्थों के अवैध व्यापार पर नियंत्रण व निगरानी रखने कलेक्टर ने दिए निर्देश

**कांकेर, 5 फरवरी।** स्वापक औषधि एवं मनः प्रभावी पदार्थों के अनधिकृत व्यवसायियों पर नियंत्रण के लिए गठित जिला स्तरीय छब्व्त्क् समिति की बैठक आयोजित कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में आयोजित की गई, जिसमें गांजा एवं नशीली दवाई एवं विभिन्न प्रकार के मादक पदार्थों के अवैध व्यापार पर नियंत्रण एवं निगरानी रखने के निर्देश दिए। साथ ही गांजा एवं नशीली दवाइयां के अंतरराज्यीय एवं अंतरजिला आवेदन व्यापार पर भी प्रभावी ढंग से रोक लगाने हेतु निर्देशित किया।

आज दोपहर आयोजित बैठक में कलेक्टर ने कोटपा एक्ट के प्रावधानों की जानकारी स्कूलों एवं कॉलेजों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को देने के भी निर्देश दिए।

# विशेष हृदय जांच शिविर में 59 बच्चों में जन्मजात हृदयरोग की पुष्टि हुई

### चिन्हित बच्चों के उपचार एवं फॉलो-अप में नहीं होगी कोई परेशानी : कलेक्टर

**धमतरी, 5 फरवरी।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में 0 से 18 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों में जन्मजात हृदय दोषों की समय पर पहचान एवं उपचार सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज जिला अस्पताल, धमतरी में एक दिवसीय विशेष हृदय जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर प्रातः 10.30 बजे से सायं 5.00 बजे तक सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।यह विशेष शिविर कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा के मार्गदर्शन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी श्री यू.एल. कौशिक के निर्देशन में आयोजित किया गया, जिसमें पूर्व से चिन्हित एवं पात्र बच्चों की विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा गहन जांच की गई। शिविर का मुख्य उद्देश्य बच्चों में जन्मजात दोष, विकासात्मक विलंब, पोषण संबंधी समस्याओं एवं गंभीर बीमारियों की प्रारंभिक अवस्था में पहचान कर उन्हें निःशुल्क एवं समुचित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना रहा।शिविर में एमएमआई रायपुर की वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. किंजल बक्शी का विशेष सहयोग रहा। उनके द्वारा अत्याधुनिक उपकरणों के माध्यम से बच्चों की ईकोकार्डियोग्राफी जांच कर हृदय रोगों की सटीक पहचान की गई।शिविर के दौरान कुल 53 बच्चों की विस्तृत जांच की गई, जिनमें से 49 बच्चों में जन्मजात हृदय रोग की पुष्टि हुई। इनमें 26 बच्चों को तत्काल सर्जरी की आवश्यकता पाई गई, जबकि 23 बच्चों को नियमित फॉलो-अप एवं आगे के उपचार हेतु चिन्हित किया गया। वहीं 04 बच्चे ईको जांच में पूर्णतः सामान्य पाए गए।जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा चिन्हित बच्चों के उपचार, सर्जरी, रेफरल एवं आगे की चिकित्सा प्रक्रिया के लिए आवश्यक समन्वय एवं सहायता सुनिश्चित की जा रही है, ताकि किसी भी बच्चे को उपचार में विलंब या असुविधा का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा ने कहा कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम शासन की एक महत्वपूर्ण योजना है, जिसके माध्यम से बच्चों में गंभीर बीमारियों की प्रारंभिक पहचान कर समय पर उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है। इस प्रकार के विशेष शिविरों से जरूरतमंद बच्चों को विशेषज्ञ चिकित्सा सुविधा मिल रही है, जिससे उनका भविष्य सुरक्षित हो सके। जिला प्रशासन यह सुनिश्चित करेगा कि चिन्हित बच्चों को उपचार, सर्जरी एवं फॉलो-अप में किसी प्रकार की कठिनाई न हो। शिविर के सफल आयोजन में जिला स्वास्थ्य विभाग, चिकित्सकों, पैरामेडिकल स्टाफ एवं आरबीएसके टीम का सराहनीय योगदान रहा।

### ग्रामीणों ने ली जल संरक्षण की शपथ

**जगदलपुर,5 फरवरी।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग जगदलपुर द्वारा बस्तर जिले में रजत जयंती महोत्सव का आयोजन बेहद गरिमापूर्ण और उत्साहजनक माहौल में किया गया। इस विशेष अभियान की गूंज ग्राम चितापदर, कामानार, जूनावानी, परचनपाल, मांझीभाटा, ककनार और कोटमसर जैसे सुदूर वनांचलों तक सुनाई दी, जहां विभाग ने एक व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया।महोत्सव के दौरान आयोजित विभिन्न सत्रों में ग्रामीणों को जल के बहुमूल्य महत्व को गहराई से समझाया गया। विभाग के प्रतिनिधियों ने ग्रामीणों से संवाद करते हुए बताया कि जल केवल एक संसाधन नहीं बल्कि जीवन का आधार है, इसलिए जल स्रोतों के आसपास साफ-सफाई रखना और संसाधनों की रक्षा करना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। शुद्ध पेयजल के प्रति जागरूकता बढ़ाते हुए मौके पर ही ग्रामीणों को जल गुणवत्ता जांचने का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया, ताकि वे स्वयं पानी की शुद्धता परख सकें।पर्यावरण और स्वच्छता को केंद्र में रखते हुए ग्रामीणों को गंदे पानी के प्रबंधन के नायाब तरीके भी सिखाए गए। उन्हें बताया गया कि किस प्रकार प्रत्येक घर में सोख्ता गड्ढा बनाकर और किचन गार्डन लगाकर निस्तारी पानी का सदुपयोग किया जा सकता है। इसके साथ ही, पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए ज्यादा से ज्यादा स्थानीय पेड़ लगाने हेतु लोगों को प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में जल प्रदाय व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए नियमित रूप से जल कर का भुगतान करने की अनिवार्यता पर भी जोर दिया गया।

## समाचार संक्षेप

### कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला निवेश प्रोत्साहन समिति की बैठक, निवेशकों को मिला आश्वासन



**धमतरी,5 फरवरी।** जिले में औद्योगिक निवेश को प्रोत्साहित करने एवं निवेशकों को अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आज जिला निवेश प्रोत्साहन समिति, धमतरी की बैठक कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा की अध्यक्षता में कलेक्टर कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में समिति के समस्त सदस्यगणों के साथ औद्योगिक क्षेत्र श्यामतराई, धमतरी के निवेशकगण उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान कलेक्टर द्वारा राज्य शासन की नवीन औद्योगिक विकास नीति 2024-30, जो कि (01 अक्टूबर 2024) से प्रभावशील है, के प्रमुख प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि इस नीति के अंतर्गत उद्योगों को पूंजी निवेश अनुदान, ब्याज अनुदान, स्टाम्प शुल्क में छूट, विद्युत शुल्क में रियायत सहित विभिन्न प्रकार की वित्तीय एवं गैर-वित्तीय सुविधाएँ प्रदान की जा रही हैं, जिससे निवेशकों को उद्योग स्थापना में सहूलियत प्राप्त होगी।कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि नई औद्योगिक नीति में सेवा क्षेत्र को पहली बार सम्मिलित किया गया है, जिससे न केवल औद्योगिक निवेश को बढ़ावा मिलेगा बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन की व्यापक संभावनाएँ भी विकसित होंगी। उन्होंने निवेशकों से नीति के प्रावधानों का अधिकतम लाभ उठाने एवं जिले में उद्योग स्थापना के लिए आगे आने का आह्वान किया।बैठक में निवेशकों द्वारा औद्योगिक क्षेत्र श्यामतराई से संबंधित विभिन्न समस्याओं, आवश्यक सुविधाओं एवं अनुमोदनों को लेकर सुझाव एवं मांगें रखी गईं। कलेक्टर ने सभी बिंदुओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को समन्वय के साथ त्वरित निराकरण के निर्देश दिए।कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा ने स्पष्ट निर्देश दिए कि उद्योग स्थापना हेतु आवश्यक समस्त विभागीय स्वीकृतियाँ एवं अनुमोदन निर्धारित समय-सीमा के भीतर प्रदान किए जाएँ।

### मीत ब्रदर्स की शानदार प्रस्तुति के साथ सिरपुर महोत्सव-2026 का समापन हुआ



**महासमुंद 5 फरवरी।** सुप्रसिद्ध ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक नगरी सिरपुर में आयोजित तीन दिवसीय सिरपुर महोत्सव 2026 का भव्य एवं यादगार समापन प्रसिद्ध म्यूजिक डायरेक्टर एवं बॉलीवुड प्लेबैक सिंगर मीत ब्रदर्स, मुंबई की शानदार प्रस्तुति के साथ हुआ।अंतिम दिवस की रात्रि मीत ब्रदर्स मनमीत सिंह-हरमीत सिंह एवं खुशबू ग्रेवाल ने अपने सुपरहिट और भावनात्मक गीतों की प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके बेबी डॉल, चिट्टियां कलाइयां, मैं तेरा बॉयफ्रेंड÷, ÷आ तो सही÷, जैसे लोकप्रिय गीतों पर पूरा पंडाल झूम उठा। उनकी सुमधुर आवाज़ और ऊर्जावान प्रस्तुति ने समापन समारोह को अविस्मरणीय बना दिया। मीत ब्रदर्स की प्रस्तुति के दौरान दर्शकों में जबरदस्त उत्साह और उल्लास देखने को मिला। युवा वर्ग से लेकर बुजुर्गों तक सभी ने संगीत की इस संगीतमय शाम का भरपूर आनंद लिया।इससे पूर्व दोपहर 2 बजे से विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का भव्य आयोजन हुआ। कुमारी आसना द्वारा भावपूर्ण कत्थक, आंचल पाण्डेय की मनमोहक ओडिसी प्रस्तुति, बिहान लोक कला मंच द्वारा ऊर्जावान पंथी नृत्य, एकलव्य आवासीय विद्यालय के छात्रों द्वारा पारंपरिक बस्तरिहा नृत्य, नानगांव बोहधन एवं साध्वी सेवा मगरपाली द्वारा प्रस्तुत डंडा नृत्य ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं लोक कला मंच कन्हारपुरी की सोलह सिंगार प्रस्तुति, किशोर हम्पीहोली का प्रभावशाली प्रदर्शन, स्वर संगम सांस्कृतिक मंच नागपुर द्वारा प्रस्तुत आम्रपाली नृत्य नाटक तथा सावित्री कहार लोक कला मंच रायपुर की लोक साधना प्रस्तुति ने भारतीय संस्कृति की विविधता और समृद्ध परंपरा का जीवंत प्रदर्शन किया। लोक साधना एवं पारंपरिक प्रस्तुतियों के साथ तीन दिवसीय सिरपुर महोत्सव 2026 का सफल और भव्य समापन हुआ।

### जिले के शिक्षित युवाओं के लिए रोजगार एवं कौशल विकास का सुनहरा बड़ा अवसर

# प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला 9 फरवरी को आईटीआई रायगढ़ में

**रायगढ़, 5 फरवरी।** राज्य शासन की मंशानुरूप तथा कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देश पर जिले के शिक्षित, प्रशिक्षित एवं तकनीकी युवाओं को रोजगार से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) रायगढ़ में प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन आगामी 9 फरवरी सोमवार को किया जा रहा है। यह मेला जिले के युवाओं के लिए सीखते हुए कमाने और उद्योगों से सीधे जुड़ने का एक सुनहरा अवसर प्रदान कर सकता है।

प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला भारत सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिसके अंतर्गत युवाओं को वास्तविक औद्योगिक परिवेश में व्यावहारिक प्रशिक्षण, कार्य-अनुभव एवं रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाते हैं। इस मेले के माध्यम से जिले के आईटीआई, डिप्लोमा, स्नातक एवं अन्य तकनीकी एवं गैर-तकनीकी योग्यताधारी युवाओं को सीधे उद्योगों में अप्रेंटिसशिप एवं भविष्य के रोजगार से जोड़ा जाएगा।

### 212 रिक्त पदों पर होगा प्रत्यक्ष चयन

प्रशिक्षण अधिकारी ने बताया कि मेले के दौरान विभिन्न प्रतिष्ठित औद्योगिक संस्थानों द्वारा कुल 212 रिक्त पदों पर प्रत्यक्ष साक्षात्कार के माध्यम से चयन की प्रक्रिया की जाएगी। इसमें जिंदल साउथ वेस्ट (जेएसडब्ल्यू) द्वारा फिटर, वेल्डर, कोपा, टर्नर, कारपेंटर एवं पेंटरय हिंडालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड द्वारा इलेक्ट्रीशियन, फिटर, बीएससी केमिस्ट्री एवं बीए सोशियोलॉजीय एमएसपी जामगांव के लिए फिटर, इलेक्ट्रीशियन एवं वेल्डरय आरकेएम पावर जनरेशन लिमिटेड द्वारा कोपाय आर आर एनर्जी लिमिटेड में फिटरय श्री बजरंग मोटर्स रायगढ़ में डीजल मैकेनिक, फिटर एवं वेल्डरय जीनस पावर इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड में टेक्नीशियन तथा सुमन इंड एग्रो प्राइवेट लिमिटेड में किसी भी स्नातक, इंजीनियरिंग डिप्लोमा एवं आईटीआई कोपा योग्यताधारी युवाओं के लिए अवसर उपलब्ध होंगे।

### प्रशिक्षण के साथ मिलेगा निर्धारित स्टाइपेंड

प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेंटिसशिप मेले के अंतर्गत चयनित अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण अवधि के दौरान भारत सरकार द्वारा निर्धारित स्टाइपेंड प्रदान किया जाएगा। इससे युवाओं को प्रशिक्षण के साथ-साथ आर्थिक संबल भी प्राप्त होगा। यह योजना युवाओं की कौशल दक्षता बढ़ाने, उन्हें उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करने तथा भविष्य में स्थायी रोजगार की संभावनाओं को मजबूत करने में सहायक हो सकता है।

मेले के साथ-साथ रीजनल डायरेक्टरेट ऑफ स्किल डेवलपमेंट एंड एंटरप्रेन्योरशिप एवं नेशनल स्किल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के तत्वावधान में नेशनल अप्रेंटिसशिप प्रमोशन स्कीम के प्रभावी क्रियान्वयन एवं व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए एक विशेष कार्यशाला का आयोजन भी किया जाएगा।

इस कार्यशाला में जिले के समस्त उद्योगों के प्रतिनिधि, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र रायगढ़ तथा शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के अधिकारी सहभागिता करेंगे। कार्यशाला का उद्देश्य उद्योगों को अप्रेंटिसशिप से जोड़कर स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन को बढ़ावा देना है।

### प्रत्येक तीन माह में होता है आयोजन

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन प्रत्येक जिले में तीन माह में एक बार, तथा प्रत्येक माह के द्वितीय सोमवार को नियमित रूप से किया जाता है, जिससे युवाओं को निरंतर रोजगार एवं प्रशिक्षण के अवसर उपलब्ध हो सकें। जिला प्रशासन एवं रोजगार एवं प्रशिक्षण विभाग ने जिले के सभी पात्र एवं इच्छुक युवाओं से अपील की गई है कि वे निर्धारित तिथि को आईटीआई रायगढ़ पहुंचकर इस रोजगारोन्मुखी पहल का अधिकतम लाभ उठाएं। प्लेसमेंट एवं अप्रेंटिसशिप से संबंधित विस्तृत जानकारी आईटीआई रायगढ़ की वेबसाइट से अथवा संस्था में सीधे संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

## एक नजर

### एक मासूम बच्चा ज़िंदगी और मौत की जंग लड़ रहा है और उसके माता-पिता बेबसी से मदद की गुहार लगा रहे

**चारभाटा 5 फरवरी।** मोहनपुर गांव का रहने वाला 7 वर्षीय प्रांजल कौशिक, आज



अपनी उम्र से कहीं बड़ी लड़ाई लड़ रहा है।डॉक्टरों की जांच में यह सामने आया है कि प्रांजल की दोनों किडनियां पूरी तरह फेल हो चुकी हैं।फ्लिहाल बच्चे का इलाज डायलिसिस के सहारे किया जा रहा है, लेकिन डॉक्टरों का साफकहना है कि ज़िंदगी बचाने के लिए किडनी ट्रांसप्लांट अनिवार्य है।इलाज का अनुमानित खर्चःडॉक्टरों द्वारा बताया गया कुल खर्च लगभग 35 से 40 लाख रुपये है,जो एक साधारण और मजदूरी-किसानी पर निर्भर परिवार के लिए जुटा पाना असंभव है।बच्चे के माता-पिता ने बताया किहम दिन-रात अपने बच्चे की जान बचाने की कोशिश कर रहे हैं,लेकिन आर्थिक मजबूरी के आगे बेबस हो चुके हैं।÷हर बीतता दिन प्रांजल की हालत को और गंभीर बना रहा है।अगर समय रहते इलाज नहीं मिला, तो उसके जीवन पर संकट गहरा सकता है।इस गंभीर परिस्थिति में आम जनता सामाजिक संस्थाएं जनप्रतिनिधि सांसद एवं विधायक महोदय छत्तीसगढ़ शासनसभी से मानवीय आधार पर सहयोग की अपील की जा रही है।आपका छोटा-सा सहयोग किसी मासूम की ज़िंदगी बचा सकता है। बच्चे के इलाज हेतु सहयोग के लिए संपर्क करें–मोबाइल नंबरः 8982403958 एक मासूम की सांसें आज हम सबकी मदद पर टिकी हैं। अगर आप मदद नहीं कर सकते, तो इस खबर को अधिक से अधिक शेयर जरूर करें, ताकि प्रांजल को ज़िंदगी मिल सके।

### स्लीपर फैक्ट्री सांई मंदिर में सांई पालकी का आयोजन




**डोंगरगढ़ 5 फरवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** स्लीपर फैक्ट्री सांई मंदिर में 3 तारीख दिन मंगलवार के सांई पालकी का आयोजन किया गया 5 तारीख दिन गुरुवार के भव्य रूप से भंडारे का आयोजन रखा गया है। सिलीपट फैक्ट्री स्थित साईं मंदिर में 3 तारीख को साईं बाबा की पालकी यात्रा बड़े ही धूमधाम, श्रद्धा और उत्साह के साथ निकाली गई। पालकी यात्रा साईं मंदिर से प्रारंभ होकर रेलवे चौक, बुधवारी बाजार, एक बत्ती पंच रास्ता होते हुए पुनः साईं मंदिर पहुँची तथा वहाँ से बस स्टैंड साईं मंदिर तक नगर भ्रमण किया गया। पालकी यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन करते हुए साईं बाबा के जयकारे लगाए, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया। पालकी यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और मार्ग में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर पालकी का स्वागत किया गया। आयोजन को सफल बनाने में साईं मंदिर समिति एवं स्थानीय श्रद्धालुओं का सराहनीय योगदान रहा। इसी कड़ी में सिलीपट फैक्ट्री साईं मंदिर में 5 तारीख, दिन गुरुवार को शाम आरती पश्चात भव्य भंडारे के साथ, साथ संगीतमय कार्यक्रम का भी आयोजन रखा गया है जिसमें सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर प्रसाद ग्रहण करने की अपील की गई है।

### महिला टीम शक्ति का गठन सुरक्षा के लिए

**बलौदाबाजार 5 फरवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस का अभिनव पहल का मूल उद्देश्य महिलाओं की सुरक्षा, उनके विरुद्ध घटित अपराधों की रोकथाम, उन्हें त्वरित सहायता प्रदान करना और सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित कराना है। पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में गठित महिला टीम शक्ति द्वारा स्कूल, कॉलेज एवं छात्रावास एवं अन्य स्थलों में पेट्रोलिंग कर महिलाओं व बालिकाओं को अभिव्यक्ति ऐप के माध्यम से तथा समाधान शिकायत हेल्पलाइन के माध्यम से अपनी शिकायतों को दर्ज करने के संबंध में एवं उसके निराकरण के संबंध में जागरूक किया जाएगा।

# ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में शिव जयंती हर्षोल्लास से मनाई

- पावन अवसर पर अतिथियों द्वारा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**नगरी 5 फरवरी।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में 90वीं शिव जयंती का पर्व बड़े ही श्रद्धा, भक्ति एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यह पावन आयोजन नगर पंचायत नगरी के अध्यक्ष श्री बलजीत छाबड़ा एवं पार्षद श्रीमती चेलेश्वरी साहू के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत पूर्णतः शांति, आध्यात्मिकता और ईश्वरीय वातावरण के बीच हुई। इस अवसर पर राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी भावना बहन, ब्रह्माकुमारी कमलेश्वरी बहन, संस्था के सभी भाई-बहन तथा नगर के अनेक गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

पावन अवसर पर अतिथियों द्वारा शिवलिंग पर माल्यार्पण कर पूजा-अर्चना की गई। तत्पश्चात नगर पंचायत अध्यक्ष श्री बलजीत छाबड़ा द्वारा शिव ध्वज फहराया गया तथा शिव जयंती की स्मृति में केक काटकर उत्सव मनाया गया। सभा को संबोधित करते हुए राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी भावना बहन ने सभी को 90वीं शिव जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि महाशिवरात्रि परमपिता शिव परमात्मा के दिव्य अवतरण का स्मरणीय दिवस है। शिव का अर्थ ही है–परोपकारी और कल्याणकारी।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में जब संपूर्ण विश्व दुख, चिंता और अशांति से ग्रसित है, ऐसे समय में परमपिता शिव परमात्मा शांति, सुख और धर्म की पुनर्स्थापना के लिए अवतरित होते हैं। आज के तनावपूर्ण वातावरण में मानव आत्मा को सच्ची शांति और शक्ति केवल परमात्मा शिव की स्मृति और उनके दिव्य संदेश से ही प्राप्त हो सकती है। अंत में उन्होंने सभी को सात्विक जीवन की प्रतिज्ञा भी दिलाई। मुख्य अतिथि श्री बलजीत छाबड़ा ने महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व हमें परमपिता शिव से जुड़ने और उनके गुणों को अपने जीवन में धारण करने का अवसर प्रदान करता है। परमात्मा शिव के ज्ञान से मन को शीतलता, शांति और आनंद की अनुभूति होती है।

वहीं श्रीमती चेलेश्वरी साहू ने भी शिव जयंती की बधाई देते हुए कहा कि परमपिता शिव परमात्मा की याद से जीवन में सुख, शांति और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। कार्यक्रम के अंत में ब्रह्माकुमारी बहनों द्वारा अतिथियों को ईश्वरीय प्रतीक चिन्ह भेंट किए गए तथा सभी उपस्थितजनों ने ईश्वरीय प्रसाद ग्रहण किया। संपूर्ण आयोजन श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत रहा।

### छत्तीसगढ़ खनिज विकास निधि सलाहकार समिति की 21वीं बैठक आयोजित

# खनन परियोजनाओं का हो गुणवत्तापूर्ण समयबद्ध क्रियान्वयनः मुख्यमंत्री साय



**रायपुर, 5 फरवरी।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में आज मंत्रालय महानदी भवन में छत्तीसगढ़ खनिज विकास निधि सलाहकार समिति की 21वीं बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ खनिज संपदा से समृद्ध राज्य है। प्रदेश में रेयर अर्थ मिनरल्स सहित कई अनेक खनिजों के प्रचुर भंडार उपलब्ध हैं। राज्य में चल रही सभी खनन परियोजनाओं का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध रूप क्रियान्वयन किया जाए। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि खनिजों के अवैध परिवहन एवं उत्खनन पर विशेष टॉस्क फोर्स के माध्यम से की जा रही निगरानी को और प्रभावी बनाने के लिए आईटी एवं ड्रोन जैसे आधुनिक तकनीकों का भी उपयोग किया जाये। तकनीक के द्वारा अवैध गतिविधियों पर बेहतर एवं सतत निगरानी की जा सकेगी।

मुख्यमंत्री श्री साय ने पीएमकेकेकेवाई के अंतर्गत खनिज 2.0 पोर्टल के माध्यम से व्यय एवं कार्यो के प्रगति की निगरानी के विषय में जानकारी ली। उन्होंने कार्यो के गुणवत्ता एवं परियोजनाओं के समय पर क्रियान्वयन के लिए जिला खनिज न्यास अधिनियम के अंतर्गत राज्य स्तरीय केन्द्रीय कार्यक्रम प्रबंधन ईकाई की स्थापना के माध्यम से डीएमएफ कार्यो की बेहतर निगरानी और प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिये।

बैठक में परिवहन नेटवर्क (रेलमार्ग) के अंतर्गत चिरमिरी-नागपुर रेल्वे लाईन हेतु कुल 328 करोड़ एवं छत्तीसगढ़ रेल्वे कॉरीडोर निर्माण हेतु, 1-ईस्ट कॉरीडोर एवं 3-ईस्ट वेस्ट कॉरीडोर के लिए राशि रूपये 60.10 करोड़ एवं क्वासी इक्विटी के रूप में 24.10 करोड़ का समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया ।

बैठक में खनिज विकास निगम लिमिटेड (सीएमडीसी) को एनएमडीसी-सीएमडीसी कंपनी लिमिटेड (एनसीएल) संयुक्त उपक्रम में सीएमडीसी की 49 प्रतिशत हिस्सेदारी के रूप में विभिन्न परियोजनाओं के विकास हेतु 112.70 करोड़ एवं सीएमडीसी को विभागीय कार्य हेतु अतिरिक्त राशि रूपये 10 करोड़ का समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया ।

बैठक में संचालनालय, भौमिकी तथा खनिकर्म के अंतर्गत खनिज ब्लॉकों की नीलामी, खनिज ऑनलाईन 2.0 के भुगतान, भौमिकी के अंतर्गत सर्वेक्षण, पूर्वेक्षण एवं विभिन्न परियोजनाओं के भुगतान एवं बाह्य स्त्रोतों से विभिन्न तकनीकी कार्यो के संपादन, मुख्य एवं गौण खनिजों के अवैध परिवहन निगरानी हेतु आईटी एवं ड्रोन तकनीक से नियंत्रण, जिला खनिज न्यास अधिनियम के अंतर्गत डीएमएफ से संबंधित कार्यो की निगरानी हेतु केन्द्रीय कार्यक्रम प्रबंधन ईकाई (सीपीएमयू) सहित विभागीय कार्य हेतु 138.17 करोड़ का समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया । बैठक में छत्तीसगढ़ खनिज विकास निधि सलाहकार समिति की 20वीं बैठक में संपन्न कार्यो के क्रियान्वयन के विषय में जानकारी दी गई। बैठक में वित्त मंत्री श्री ओ पी चौधरी, मुख्य सचिव श्री विकास शील, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव श्री सुबोध कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव सह सचिव वित्त श्री मुकेश बंसल, मुख्यमंत्री के सचिव सह सचिव खनिज साधन विभाग श्री पी दयानंद, संचालक खनिज श्री रजत बंसल सहित अधिकारीगण मौजूद रहे।

# एक और गोरले ने लगाया चूना

- नौकरी का झांसा देने वाले जालसाजों के खिलाफ पुलिस में शिकायत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 5 फरवरी।** एक्सेस बैंक कर्मचारी उमेश गोरले द्वारा करोड़ों की ठगी का मामला अभी शांत भी नहीं हुआ था कि नौकरी का झांसा देकर लोगों से लाखों रु की जालसाजी करने में एक और गोरले का नाम उजागर होने लगा है। वहीं जालसाजी में भिलाई कोसा नाला के भाजपा के पूर्व पार्षद का नाम भी सामने आने से हड़कंप मच गया है। बताया जाता है कि ये लोग भोले भाले आम लोगों को सरकारी नौकरी लगाने के नाम पर अपना शिकार लंबे समय से बनाते आ रहे थे और पुलिस में शिकायत नहीं होने पर अब तक कानून के शिकंजे से बचे हुए थे। इसका खुलासा झांसे में आए दो शिकायतकर्ताओ के द्वारा 4 फरवरी को पुलिस थाना डोंगरगढ़ में शिकायत करने के बाद सामने आया जिसमें डोंगरगढ़ के देवेंद्र गोरले व भिलाई कोसा नाला के भाजपा के पूर्व पार्षद जय प्रकाश यादव के खिलाफ नौकरी का झांसा देकर लाखों रु की ठगी की शिकायत की गई है। वहीं शिकायतकर्ता इंदिरा नगर वार्ड नं. 5 डोगरगढ की निवासी उमा भारती लिल्हारे ने डोंगरगढ़ थाने में शिकायत दर्ज कराई है जिसमें उल्लेख है कि मेरे पति रमेश लिल्हारे नगर पालिका परिषद डोगरगढ मे लंबे समय तक निर्वाचित पार्षद रहे है, उनके मृत्यु के पश्चात देवेन्द्र कुमार गोरले जो कि मेरे पति का मित्र था वह हमेशा घर आया जाया करता था, उसे परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नही होने की जानकारी थी, देवेन्द्र कुमार गोरले के द्वारा वन विभाग मे सहायक ग्रेड-2 के पद पर नौकरी लगवाने की बात कहा गया और यह भी कहा था कि लगभग 3 लाख रूपये खर्च करना पडेगा उसमे से 1 लाख 50 हजार रूपये पहले देना होगा और नौकरी लगने के बाद 1 लाख 50 हजार रू देना पडेगा। देवेन्द्र कुमार गोरले द्वारा मेरे से यह भी कहा गया था कि उसके मित्र जयप्रकाश यादव जो कि भिलाई में रहते है उनका मंत्रालय मे बहुत अच्छा लिंक है उनके द्वारा पूर्व में और भी लोगो को शासकीय नौकरी लगवाया गया है आपका भी काम करवा देगा देवेन्द्र कुमार गोरले पर विश्वास करके 02 जनवरी 2023 को 1 लाख 50 रू नगद देवेन्द्र कुमार गोरले को हाथ मे दी थी, रकम देते समय पावती देने की बात कहने पर कहा गया कि ऐसे मामलो मे कोई पावती नही देता यदि आप चाहे तो मै रकम उधार लिया ऐसा वचन पत्र लिखकर दे सकता हूँ। उसके बाद 50 रू के स्टाम्प पर 1 लाख 50 हजार नगद उधार लिये जाने के संबंध में वचन पत्र निष्पादित कर उसका मूल प्रति मुझे दिया था । देवेन्द्र गोरले के द्वारा रकम लेने के पश्चात कई बार अपने फोन के माध्यम से मेरी जयप्रकाश से बात भी करवाया था जय प्रकाश यादव के द्वारा बात करने के दौरान वैकेन्सी निकलते ही तत्काल नौकरी लगवा देने का आश्वासन दिया करता था, लंबे समय तक नौकरी की कोई प्रक्रिया नहीं हई। तब मेरे द्वारा रकम वापस करने की बात कहा गया देवेन्द्र कुमार गोरले से बार बार रकम वापस करने की बात कहने पर उसके द्वारा कुल 90 हजार वापस किया गया व उसके बाद से कोई रकम वापस नही किया गया है, अब न तो देवेन्द्र गोरले स्वयं बात करता है और न ही जयप्रकाश यादव से बात कराता है, देवेन्द्र कुमार गौरले के व्यवहार से ऐसा मैं महसूस करने लगी है कि शासकीय नौकरी लगवा देने का झुठा आश्वासन देकर मेरे साथ ठगी किया गया है। इधर दूसरे शिकायतकर्ता वार्ड नं. 1 के निवासी भूषण सिन्हा ने पुलिस में शिकायत पत्र सौंप कर बताया गया कि देवेन्द्र कुमार गोरले के द्वारा वन विभाग में सहायक ग्रेड-2 के पद पर आपके भाई को शासकीय नौकरी लगवाने की बात कहा गया और यह भी कहा था कि लगभग 5 लाख रूपये खर्च करना पडेगा जिसमें से 2 लाख रूपये पहले देना होगा और नौकरी लगने के बाद 3 लाख रू देना पडेगा, देवेन्द्र कुमार गोरले द्वारा मेरे से यह भी कहा गया था कि उसके मित्र जयप्रकाश यादव जो कि भिलाई में रहते है उनका मंत्रालय मे बहुत अच्छा लिंक है उनके द्वारा पूर्व में और भी लोगो को नौकरी लगवाया गया है आपके मामा के लडके का भी काम करवा देगा देवेन्द्र कुमार गोरले पर विश्वास कर मेरे द्वारा 03 मार्च 2023 को 2 लाख रू नगद देवेन्द्र कुमार गोरले के हाथ में नगद दिया था।

# बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस के सड़क सुरक्षा माह-26 कार्यक्रम का किया समापन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार 5 फरवरी।** आज दिनांक 04.02.2026 को दोपहर 01.00 बजे पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता, वन मंडलाधिकारी श्री गणवीर धम्मशील के मुख्य आतिथ्य में जिले में आयोजित सड़क सुरक्षा माह-2026 का समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा यातायात पुलिस द्वारा जिले में दिनांक 01.01.2026 से 31.01.2026 तक सड़क सुरक्षा माह-2026 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान श्री हेमसागर सिदार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भाटापारा, श्री संजय साहू उप पुलिस अधीक्षक यातायात, निरीक्षक नरेश कांगे प्रभारी यातायात भाटापारा, निरीक्षक नरेश दीवान प्रभारी यातायात सिमगा, उपनिरी प्रियेश जान प्रभारी यातायात बलौदाबाजार के नेतृत्व में प्रति दिवस भीड़-भाड़ वाले चौक चौराहों, स्थानों में पाम्पलेट, लाउडस्पीकर एवं नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के संबंध में समझाईश दिया गया।

सड़क सुरक्षा माह कार्यक्रम के तहत बलौदाबाजार, भाटापारा सिमगा सहित जिले के समस्त थाना एवं चौकी क्षेत्र में हेलमेट रैली का आयोजन किया गया। साथ ही दिनांक 08.01.2026 को भारी वाहन चालकों के लिए स्वास्थ्य एवं नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन, दिनांक 14.01.2026 को यातायात, साइबर जागरूकता एवं महिला सुरक्षा संबंधी विषयों पर पेंटिंग, वॉल आर्ट एवं फोटोग्राफी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसी क्रम में ग्राम खपराडीह भाटापारा में दिनांक 25-26.01.2026 को दो दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। सड़क सुरक्षा माह-2026 कार्यक्रम के तहत यातायात नियमों की जानकारी देने एवं आमजनों को सुविधा उपलब्ध कराते हुए बलौदाबाजार, भाटापारा एवं कसडोल में अलग-अलग तिथियों में ड्राइविंग लाइसेंस शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें कुल 1173 लोगों का ड्राइविंग लाइसेंस बनवाया गया। सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा विषय पर सोशल मीडिया बलौदाबाजार पुलिस के फेसबुक पेज के माध्यम से रील/वीडियो मेकिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न प्रतिभागियों, शिक्षण संस्थानों द्वारा बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए यातायात जागरूकता थीम पर वीडियो बनाकर अपलोड किया गया है। यातायात जागरूकता के इस संपूर्ण अभियान में पुलिस टीम द्वारा शहर/ग्रामों के विभिन्न चौक-चौराहों में वाहन चालकों को यातायात नियमों के संबंध में तैयार पाम्पलेट का वितरण कर यातायात नियमों का पालन एवं सड़क परिवहन के दौरान हमेशा सजगता बरतने हेतु समझाइश दिया गया। साथ ही वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने हेतु आवश्यक समझाइश देते हुए निःशुल्क हेलमेट का भी वितरण किया गया। समापन कार्यक्रम के अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता द्वारा अपने संबोधन में सुरक्षित एवं सुगम परिवहन के लिए यातायात नियमों का सदैव पालन को अत्यंत आवश्यक बताया गया, इससे आमजनों द्वारा अनुशासित होकर वाहन चालन किया जाएगा, जिससे निश्चय ही यातायात दुर्घटनाओं में कमी आयेगी। जिले में सुरक्षित परिवहन के लिए आमजनों का भी परस्पर सहयोग अत्यंत आवश्यक है। समापन कार्यक्रम के दौरान यातायात नियमों का पालन करने वाले एवं यातायात सुरक्षा सप्ताह के अवसर पर आयोजित पेंटिंग, वॉल आर्ट एवं फोटोग्राफी प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों, बच्चों को पुरस्कार वितरण किया गया। इसके साथ ही विभिन्न

# आयुक्त ने रोज 25 बकायादारों की दुकानों को सील करने के दिए निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायपुर 5 फरवरी।** विगत दिनों नगर पालिक निगम रायपुर में आयुक्त श्री विश्वदीप द्वारा समीक्षा बैठक ली गई जिसमें नगर निगम उपायुक्त राजस्व श्रीमती जागृति साहू सहित सभी जोन कमिश्नरों, अभियंताओं, जोन सहायक राजस्व अधिकारियों की उपस्थिति रही। बैठक में आयुक्त श्री विश्वदीप ने समस्त जोनों की डिमांड एवं डिमांड के विरूद्ध वसूली का अवलोकन किया , डिमांड के विरूद्ध वसूली अत्यंत कम होने पर नाराजगी व्यक्त की गई। बैठक में आयुक्त श्री विश्वदीप द्वारा समस्त जोन कमिश्नरों को निर्देशित किया गया कि कार्ययोजना बनाकर समस्त बड़े बकायादारों को चिन्हांकित करते हुए नियमानुसार अंतिम नोटिस उपरांत सीलबंदी की कार्यवाही करें। प्रतिदिन 25 बकायादारों की दुकानों में सीलबंदी की कार्यवाही करने निर्देशित किया गया। आयुक्त श्री विश्वदीप द्वारा आवासीय परिसर में अंतिम नोटिस के प्रारूप में नल विच्छेद संबंधी बिंदु जोड़ने एवं भुगतान न किये जाने की दशा में नल विच्छेद की कार्यवाही किये जाने संबंधी निर्देश दिये गये। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 में केवल 2 माह ही शेष है एवं डिमांड के विरूद्ध केवल 30त्न भाग ही राजस्व अमले द्वारा वसूल किया गया है, अतः समस्त जोन कमिश्नरों को निर्देशित किया गया कि फरवरी माह 2026 में डिमांड का 30त्न तथा शेष शत - प्रतिशत राजस्व वसूली अंतिम वित्तीय माह में की जाये। साथ ही नगर निगम मुख्यालय से संचालित बाजार विभाग के डिमांड का भी अवलोकन किया गया. अत्यंत कम वसूली होने की दशा में शत - प्रतिशत वसूली किये जाने संबंधी निर्देश दिए गए। बड़े बकायादारों का नाम प्रदर्शित किये जाने हेतु फ्लैक्स बनायें जाने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में आयुक्त द्वारा शत- प्रतिशत वसूली हेतु प्रचार -प्रसार हेतु सार्वजनिक मुनादी किये जाने निर्देशित किया गया। आयुक्त श्री विश्वदीप द्वारा राजस्व वसूली हेतु शिविर एवं अवकाश के दिनों में भी राजस्व अमले को राजस्व वसूली किये जाने के संबंध में निर्देशित दिया गया। आयुक्त ने समस्त जोन कमिश्नरों को स्वच्छता हेतु विशेष प्रयास किए जाने एवं सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर कार्य किये जाने हेतु निर्देशित किया। आयुक्त द्वारा बैठक में समस्त जोन कमिश्नरों को प्रातः एवं सायंकाल में उद्यानों का निरीक्षण कर उचित रखरखाव किया जाना सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। भवन अनुज्ञा जारी किए जाने से पूर्व स्थल जाँच कर अवैध कालोनी का निरीक्षण एवं मार्गसंरचना हेतु गुगल मैप अनिवार्य रुप से संलग्न करने हेतु निर्देश दिए गए। नगर पालिक निगम रायपुर अंतर्गत समस्त वार्ड में खुले में एकत्रित कुड़ा -करकट/कचरा का उचित तरीके से निपटान किये जाने के सम्बन्ध में निर्देश दिये गये।

### मॉडर्न ट्रैफिक पुलिस बूथ का उद्घाटन



**बलौदाबाजार 5 फरवरी।(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा जिले में यातायात व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाए रखने हेतु लगातार कार्य किया जा रहे हैं। इसी क्रम में एक मजबूत एवं सर्व सुविधा युक्त मॉडर्न ट्रैफिक पुलिस बूथ की सौगात यातायात पुलिस प्रदान की गई है। आज दिनांक 04.02.2026 को पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता एवं वन मंडलाधिकारी श्री गणवीर धम्मशील द्वारा फीता काटकर अंबेडकर चौक बलौदाबाजार में लेकर मॉडर्न ट्रैफिक पुलिस बूथ का विधिवत उद्घाटन किया गया। वर्तमान में जिले के बलौदाबाजार, भाटापारा एवं सिमगा में मॉडर्न ट्रैफिक पुलिस बूथ लगाया गया है। इस ट्रैफिक बूथ में ड्यूटी करने वाले यातायात पुलिस अधिकारी कर्मचारी की सुविधा हेतु फैन एवं यातायात व्यवस्था को निर्देशित करने हेतु पीए सिस्टम लगाया गया है। साथ ही इस बूथ में लगे जनरेटर के माध्यम रात्रि में भी बूथ में प्रकाश की व्यवस्था उपलब्ध रहेगी। संपूर्ण बूथ का निर्माण बहुत ही मजबूत संरचना के माध्यम से किया गया है।

# वीबी जीरामजी के स्थान पर कृषि शिक्षा व नवाचार के प्रदेश संयोजक बनें विजेंद्र ठाकुर



**डोंगरगढ1 5 फरवरी।** प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष किरण देव सिंह व भाजपा संगठन महामंत्री पवन साय की अनुशंसा पर डोंगरगढ़ के विजेंद्र सिंह ठाकुर को भाजपा किसान मोर्चा छत्तीसगढ़ में कृषि शिक्षा व नवाचार के संयोजक का महत्वपूर्ण दायित्व पर नियुक्ति किया गया है। संगठन में इनकी नेतृत्वक्षमता में पूर्ण विश्वास व्यक्त करते हुए इनके अनुभव संगठनात्मक एवं समर्पण पर भाजपा किसान मोर्चा छत्तीसगढ़ विश्वास जताते हुए इन्हें महत्वपूर्ण जवाबदारी दी है। बचपन से संघ की शाखा में सीख लेने वाले अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, विश्व हिंदू परिषद के अलावा पूर्व में बूथ शक्ति केंद्र सेक्टर प्रभारी के रूप में कार्य करने के अनुभव, युवा मोर्चा महामंत्री, डोंगरगढ़ शहर मंडल महामंत्री, जिला भाजपा मंत्री एवं विधानसभा मीडिया प्रभारी एवं विधानसभा स्तर के विभिन्न दायित्व का निर्वहन करते हुए जिला किसान मोर्चा उपाध्यक्ष जैसे संगठन द्वारा जब-जब जो भी जवाबदारी विजेंद्र को दी गई उसे पूरी ईमानदारी व लगन से करते हुए अपनी एक अलग पहचान बनाई है जिसे देखते हुए भाजपा किसान मोर्चा छत्तीसगढ़ द्वारा कृषि शिक्षा व नवाचार प्रकल्प प्रदेश संयोजक भाजपा किसान मोर्चा छत्तीसगढ़ बनाए जाने से इस क्षेत्र में भी वह अपनी पहचान छोड़ेंगे। विजेंद्र ने कहा कि केंद्र सरकार व राज्य सरकार की कृषि संबंधी विभिन्न योजनाओं एवं मिट्टी की जुताई, फसल उगाने, और भोजन, रेशे (फाइबर) व ईंधन के लिए पशुपालन करने का विज्ञान और अभ्यास है। इसमें खेती के साथ-साथ पशुधन, मत्स्य पालन, और वानिकी जैसी गतिविधियां शामिल हैं, जो मानव जीवन के लिए भोजन व कच्चे माल के उत्पादन का मुख्य आधार हैं। फसल उत्पादन अनाज, फल, सब्जियां और रेशेदार फसलें उगाना दूध,और अन्य उत्पादों के लिए पशुओं का पालन-पोषण करना। सरकार की विभिन्न शिक्षा संबंधी योजनाएं जो छात्र-छात्राओं के लिए हो शिक्षा एक निरंतर चलने वाली व्यवस्थित प्रक्रिया है, जिसके माध्यम से ज्ञान, कौशल, मूल्य और सही दृष्टिकोण प्राप्त कर व्यक्ति अपना सर्वांगीण विकास (शारीरिक, मानसिक, आध्यात्मिक, सामाजिक) करता है। इन सभी क्षेत्रों में काम किया जाएगा।

**न्यायालय नायब तहसीलदार क्र . 02 कुरूद जिला-धमतरी (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 202511130100042/अ-59
वर्ष 2025-26 ग्राम परखंदा प.ह.नं. 46
तहसील कुरूद, जिला - धमतरी (छ.ग)

क्रमांक/36/ना.तह./वा./2026 कुरूद, दिनांक 30.01.2026

**//ईश्तहार//**

एतद् सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कुरूद तहसील गुरूद जिला धमतरी (छ.ग) का पत्र क्रं./10463/ज.पं./ पंचा../2025-26 कुरूद दिनांक 22.11.2025 द्वारा ग्राम परखंदा प.ह.नं. 46 तह. कुरूद जिला धमतरी स्थित भूमि ख.नं. 2095/1 का टुकड़ा रकबा 73×57=4161 वर्गमी./0.4161 हे. पर उद्यान निर्माण हेतु आबंटन किये जाने की मांग हेतु छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 एवं राजस्व पुस्तक परिपत्र प्रावधानों के तहत आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी/व्यक्ति संस्था को किसी प्रकार से आक्षेप/दावा आवेदन प्रस्तुत करना हो तो स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 13.02.2026 तक कार्यालयीन अवधि में लिखित में पेश कर सकते हैं। म्यादबाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23.01.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा द्वारा जारी किया गया।

(मुहर)

नायब तहसीलदार
कुरूद, जिला-धमतरी (छ.ग.)

**कार्यालय अधिष्ठाता**
**स्व. श्रीमति इंदिरा गांधी स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय**
**उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**
E-mail Id-gmckanker@gmail.com

क्रमांक/2661/शा.चि.महा./निविदा/2025 कांकेर, दिनांक 30./01/2026

**//निविदा आमंत्रण सूचना//**

वित्तीय वर्ष 2025-26 में संस्था के लिए शोध पत्रिकाओं का क्रय किया जाना प्रस्तावित है। शोध पत्रिकाओं पर दिये जाने वाले अधिकतम छूट के प्रतिशत का उल्लेखित करते हुए पृथक-पृथक प्रस्ताव एवं जी.ओ.सी. रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट की छायाप्रतिलिपि निर्धारित तिथि तक 'कार्यालय अधिष्ठाता, स्व. श्रीमति इंदिरा गांधी स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, कांकेर (छ.ग.) को प्रषित करें।

शोध पत्रिकाओं के प्रदाय हेतु नियम एवं शर्तें शोध पत्रिकाओं की सूची एवं निविदा संबंधी जानकारी संस्था/वेबसाईट-https://gmckanker.in से प्राप्त करें। प्राप्त निविदाओं को क्रय समिति के समक्ष खोली जायेगी। निविदाकर्ता एवं उनके प्रतिनिधि उपस्थित हो सकते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| संस्था में निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | :- | 19/02/2026 दोपहर 2.00 बजे तक |
| निविदा खुलने की तिथि | :- | 19/02/2026 को सायं 4.00 बजे। |

**अधिष्ठाता**
**स्व. श्रीमति इंदिरा गांधी स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**

जी-252606437/3

# राजनीति प्रकरणों की वापसी पर बैठक में चर्चा

■ **मतभेद का विषय, मनभेद का नहीं : उपमुख्यमंत्री शर्मा**

**रायपुर 5 फरवरी।** आज मंत्रालय मे पूर्व शासनकाल के दौरान राजनीतिक संगठन, गैर राजनीतिक संगठन, सामाजिक संगठन और कर्मचारी संगठनों के आंदोलनों से जुड़े दुर्भावनापूर्ण मानसिकता से दर्ज प्रकरणों की वापसी के संबंध में गठित मंत्रिमंडल उपसमिति की बैठक उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

बैठक में उपमुख्यमंत्री अरुण साव, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव, सहित सदस्य अपर मुख्य सचिव गृह मनोज पिंगवा, विधि सचिव सुषमा सावंत, पुलिस महानिरीक्षक सीआईडी ध्रुव गुप्ता तथा अतिरिक्त निदेशक अभियोजन के. एस. गावस्कर उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान राजनीतिक आंदोलनों सहित गैर राजनीतिक संगठन, सामाजिक संगठन और कर्मचारी संगठनों के आंदोलनों के समय दर्ज राजज्ञा उल्लंघन, लोक सेवक के कार्य में बाधा एवं अन्य गंभीर धाराओं से संबंधित प्रकरणों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। उपसमिति द्वारा विभिन्न मामलों को मंत्रिपरिषद के विचारार्थ एवं स्वीकृति हेतु



अनुशंसित करने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही मंत्रिमंडल उपसमिति ने पूर्व में प्रकरण वापसी के लिए अनुशंसित मामलों की सतत निगरानी एवं शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश अपर मुख्य सचिव गृह श्री मनोज पिंगवा को दिए।

बैठक के पश्चात उपसमिति के अध्यक्ष उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि राजनीति में लोकतांत्रिक विरोध का सदैव सम्मान होना चाहिए। राजनीति मतभेद का विषय है, मनभेद का नहीं। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार द्वारा राजनीतिक दुर्भावना के चलते अनेक मामलों में राजनीतिक कार्यकर्ताओं, गैर राजनीतिक संगठन, सामाजिक संगठन और कर्मचारी संगठन पर प्रकरण दर्ज किए गए थे। राजनीतिक कार्यकर्ताओ के साथ गैर राजनीतिक संगठन, सामाजिक संगठन और कर्मचारी संगठन द्वारा आयोजित आंदोलनों को भी इस प्रक्रिया के शामिल किया जा रहा है, जिनमें आंदोलनरत लोगों के विरुद्ध द्वेषपूर्ण रूप से मुकदमे भी दर्ज हुए थे, उन सभी को वापस लिया जाएगा।

उपमुख्यमंत्री शर्मा ने स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में वर्तमान सरकार ने ऐसे द्वेषपूर्ण मामलों की गंभीरता से समीक्षा कर, विधि सम्मत प्रक्रिया के तहत यथासंभव निर्णय लेने का संकल्प लिया है, ताकि लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा हो सके और अनावश्यक मुकदमों से जनता को राहत मिल सके।

## एक नजर

### राडा ऑटो एक्सपो का आज अंतिम दिन

**रायपुर, 5 फरवरी।** राजधानी रायपुर के श्रीराम बिजनेस पार्क में जारी राडा ऑटो एक्सपो-26 में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा दी जा रही रोड टैक्स में 50 प्रतिशत की छूट और कंपनियों और डीलर्स के ऑफर्स का फायदा लेने का 5 फरवरी को अंतिम दिन है। इस अवसर को जाने ना दें। राडा के पदाधिकारियों ने बताया कि टैक्स आधा होने से ज्यादा बचत होने से 16 दिनों में रिकॉर्ड 40600 वाहनों की बिक्री हो गई है। बुधवार को एक्सपो में मुख्य अतिथि फाडा के वाइस प्रेसिडेंट साईं गिरधर थे। इस अवसर पर तरनप्रीत भसीन चेयरपर्सन, डब्ल्यूआईएफ(सीजी चैप्टर) और फाडा सेक्रेटेरिएट से इंदिरा मेनन विशेष रूप से मौजूद रहीं। मुख्य अतिथि का राडा के पदाधिकारियों ने भव्य स्वागत किया। एक्सपो के सोलहवें दिन टाटा कंपनी की कार टाटा सिएरा की लॉन्चिंग हुई।

### मध्य भारत में कैंसर के उन्नत उपचार की सुविधा

**रायपुर, 5 फरवरी।** वेदांता लिमिटेड के सहयोग से संचालित बाल्को मेडिकल सेंटर ने मध्य भारत में किफायती और उन्नत कैंसर उपचार को सशक्त बनाया है। रायपुर स्थित 170 बिस्तरों वाले इस अत्याधुनिक कैंसर अस्पताल ने पिछले आठ वर्षों में लगभग 65, 000 मरीज़ों का इलाज किया है। सेंटर ने 12, 000 से अधिक जटिल सर्जरी और 80, 000 से ज्यादा कीमोथेरेपी सेशन किए हैं। बीएमसी न केवल उन्नत क्लिनिकल केयर बल्कि स्क्रीनिंग कैम्प, जागरूकता कार्यक्रम और समय पर डायग्नोसिस के ज़रिए कैंसर से लड़ाई को समुदायों के करीब ला रहा है।

### मिशन महिला शक्ति महाअभियान 8 से

**रायपुर, 5 फरवरी।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के पूर्व एक माह तक महिलाओं के अधिकार, सुरक्षा सुरक्षा और सम्मान के लिए एक व्यापक जनजागृति अभियान का आगाज किया जा रहा है। उत्कल महिला महामंच, छत्तीसगढ़ की प्रदेश अध्यक्ष सावित्री जगत के नेतृत्व में यह मिशन महिला शक्ति महिला अधिकार सुरक्षा एवं सम्मान महाअभियान' 8 फरवरी से रायपुर में प्रारंभहोगा। इस एक माह के अभियान का मुख्य उद्देश्य राजधानी की झुग्गी बस्तियों में रहने वाली वंचित तबके की हजारों महिलाओं तक सीधे पहुंचकर उनके साथ संवाद स्थापित करना, उनकी समस्याओं को समझना और उन्हें उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। उत्कल महामंच से जुड़ी स्वयंसेविकाएं रायपुर की 100 से अधिक झुग्गी बस्तियों में जाकर महिलाओं से रूबरू होंगी।

### शिक्षा विभाग का यू-टर्न, परीक्षा व्यवस्था को लेकर जारी आदेश में संशोधन

**रायपुर, 5 फरवरी।** शिक्षा विभाग ने अपने ही जारी आदेश को पलटते हुए परीक्षा व्यवस्था को लेकर बड़ा संशोधन किया है। लोक शिक्षण संचालनालय, छत्तीसगढ़ की ओर से जारी ताजा आदेश के अनुसार अब निजी स्कूल पूर्व की भांति लोकल कक्षाओं की परीक्षाएं स्वयं आयोजित कर सकेंगे। इससे पहले जारी आदेश में जिला शिक्षा अधिकारियों को सभी स्कूलों की परीक्षाएं आयोजित कराने के निर्देश दिए गए थे, जिससे निजी स्कूलों में भ्रम की स्थिति बनी हुई थी। अब संशोधित आदेश के बाद यह स्पष्ट कर दिया गया है कि निजी स्कूलों की लोकल कक्षा के परीक्षाओं का संचालन स्कूल प्रबंधन ही करेगा। वहीं, संशोधित आदेश में यह भी तय किया गया है कि शासकीय स्कूलों और स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों की परीक्षाओं की जिम्मेदारी जिला शिक्षा अधिकारियों को दी जाएगी। लोक शिक्षण संचालनालय से जारी इस पत्र के बाद परीक्षा व्यवस्था को लेकर स्थिति साफहो गई है।

### निधन

#### अशोक कुमार पांडेय



**रायपुर, 5 फरवरी।** मोहरेंगा निवासी अशोक कुमार पाण्डेय (82) (रोहनीपुरम, गोल चौक) का आज निधन हो गया, वे प्रियंका तिवारी, कल्पना पाण्डेय आदित्य पांडे, के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार महादेव घाट मुक्तिधाम में किया गया।

## पुलिस उपायुक्त ने ली होटल, ढाबा लॉज एवं बार संचालकों की बैठक



**रायपुर 5 फरवरी।** पुलिस कमिश्नरेट के अंतर्गत संवाद से समाधान अभियान की कड़ी में आज पुलिस उपायुक्त (नार्थ जोन) मयंक गुर्जर के नेतृत्व में होटल, ढाबा, लॉज एवं बार संचालकों की बैठक सिविल लाईन रायपुर स्थित सी/04 भवन के सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में एडीसीपी आकाश मरकाम एवं एसीपी पूर्णिमा लामा की उपस्थिति रहीं।

बैठक में नार्थ जोन अंतर्गत थाना खमतराई, उरला, गुढ़ियारी, पंडरी एवं खम्हारडीह क्षेत्र के समस्त होटल, ढाबा, लॉज एवं बार संचालक उपस्थित रहें। बैठक के दौरान मयंक गुर्जर द्वारा प्रतिष्ठानों के संचालन से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने सभी संचालकों को शासन द्वारा निर्धारित नियमों एवं लाइसेंस शर्तों का कड़ाई से पालन करने, समय-सीमा का ध्यान रखने, अवैध गतिविधियों पर पूर्ण रूप से रोक लगाने तथा अपने-अपने प्रतिष्ठानों में सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

इसके साथ ही होटल एवं लॉज में ठहरने वाले ग्राहकों का विधिवत रिकॉर्ड संधारित करने, पहचान पत्रों की जांच, सीसीटीव्ही कैमरों की कार्यशील स्थिति, महिला एवं आम नागरिकों की सुरक्षा, नशे से संबंधित गतिविधियों पर सतर्कता तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तत्काल पुलिस को सूचना देने पर विशेष जोर दिया गया।

एडीसीपी आकाश मरकाम एवं एसीपी पूर्णिमा लामा द्वारा भी संचालकों को पुलिस के साथ बेहतर समन्वय बनाए रखने, कानून-व्यवस्था में सहयोग करने तथा समाज में सकारात्मक वातावरण बनाए रखने हेतु अपने दायित्वों का निर्वहन करने कहा गया। बैठक का उद्देश्य पुलिस एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के बीच संवाद स्थापित कर आपसी सहयोग से कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाना रहा। संचालकों द्वारा भी बैठक में उठाए गए बिंदुओं पर सहमति जताते हुए पुलिस प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया गया।

## कांग्रेस भ्रष्टाचारियों की गैंग : उज्जवल दीपक

**रायपुर, 5 फरवरी।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता उज्जवल दीपक ने दुर्ग जिले में एक युवक की निर्मम हत्या के मामले में एनएसयूआई पदाधिकारी की गिरफ्तारी को लेकर कांग्रेस के राजनीतिक चरित्र पर तीखा हमला बोला है। दीपक ने कहा कि कांग्रेस और उसके



सहयोगी संगठनों से जुड़े लोगों की आपराधिक वारदातों में संलिप्तता एक बार फिर इस बात की तस्दीक कर रही है कि कांग्रेस अब एक राजनीतिक दल के बजाय अपराधियों, माफियाओं और भ्रष्टाचारियों का गैंग बनकर रह गई है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता दीपक ने कहा कि छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में एक युवक की होटल में लात-घूँसों से जमकर पिटाई करके अधमरा कर बाहर फेंक दिया गया ता। इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। उधारी के पैसों को लेकर विवाद हुआ था। पैसे नहीं लौटाने और फोन नहीं उठाने पर गुस्से में आरोपियों ने युवक को मार डाला। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने 26 जनवरी को हत्या का मामला दर्ज किया। जाँच के दौरान 27 जनवरी को पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनमें एनएसयूआई का जिला संयोजक प्रशांत राव और लक्की उर्फकिशन कुमार ध्रुवे न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। दीपक ने प्रदेश में अपराधों को लेकर प्रलाप कर रही कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि प्रदेश में घट रहे अधिकांश अपराधों में कांग्रेस पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और नेताओं की संलिप्तता सामने आने के बाद अब कांग्रेस को पहले अपने गिरेबाँ में झाँकना चाहिए।

## संपत्तिकर बकाया, नगर निगम ने व्यावसायिक परिसरों में जड़े ताले



**रायपुर, 5 फरवरी।** राजधानी के जोन क्रमांक 10 में बकाया संपत्ति कर की वसूली को लेकर नगर निगम ने सख्त कदम उठाया है। कई वर्षों से संपत्ति कर जमा नहीं करने वाले बड़े बकायादारों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उनके संस्थानों को सील की गई है। इस कार्रवाई के बाद बकायादारों में हड़कंप मच गया है। नगर निगम ने पूर्व में संबंधित बकायादारों को डिमांड बिल, डिमांड नोटिस एवं अंतिम नोटिस जारी किया था। इसके बावजूद निर्धारित समय सीमा तक संपत्ति कर जोन कार्यालय में जमा नहीं किया गया। इसके बाद निगम प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए बकायादारों के व्यावसायिक परिसरों को ताला लगाकर सीलबंद करने की कार्रवाई की। नगर निगम अधिकारियों ने स्पष्ट संदेश दिया है कि बकाया कर जमा नहीं करने वालों के खिलाफआगे भी इसी तरह की कार्रवाई जारी रहेगी। प्रशासन ने सभी करदाताओं से अपील की है कि वे समय पर संपत्ति कर जमा कर अनावश्यक कार्रवाई से बचें।

### प्राइवेट स्कूलों में परीक्षा डीईओ से लेने का निर्णय अव्यवहारिक : कांग्रेस

**रायपुर, 5 फरवरी।** प्राइवेट स्कूलों की स्थानीय वार्षिक परीक्षायें डीईओ द्वारा कराये जाने के निर्णय को कांग्रेस ने अव्यवहारिक और अतार्किक निर्णय बताया है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता वंदना राजपूत ने कहा कि कांग्रेस, सरकार के इस फैसले का विरोध करती है। शिक्षा विभाग बोर्ड परीक्षाओं को छोड़ दिया जाए तो अभी तक सरकारी स्कूलों की घरेलू परीक्षायें एक साथ तो आयोजित नहीं करवा पाता, घरेलू परीक्षायें स्कूल अपने स्तर पर करते है, ऐसे में वह प्राईवेट स्कूलों की परीक्षायें एक साथ कैसे आयोजित करेगा? सरकार पहले अपने सभी स्कूलों का सभी घरेलू परीक्षाओं को एक साथ आयोजित कर ले, उसके बाद प्राइवेट स्कूलों के बारे में निर्णय ले।

## राहुल गांधी की भाषा पर भाजपा को आपत्ति

**रायपुर, 5 फरवरी।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और अपेक्स बैंक अध्यक्ष केदारनाथ



गुप्ता ने संसद के बाहर केंद्रीय मंत्री को 'देशद्रोही' कहकर अपमानित करने के लिए लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की कड़ी निन्दा की है। गुप्ता ने कहा कि यह भाषा राहुल गांधी की हताशा को दर्शाती है। ऐसी भाषा का प्रयोग केवल वही व्यक्ति कर सकता है जिसका दिमाग स्थिर न हो। अपेक्स बैंक अध्यक्ष गुप्ता ने कहा कि राहुल गांधी का व्यवहार भारतीय लोकतंत्र की गरिमा के खिलाफहै। राहुल गांधी के मानसिक संतुलन और उनकी भाषा की शुचिता पर सवाल उठाते हुए गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की वैश्विक प्रशंसा से राहुल गांधी का दिमाग सन्न हो गया है। राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी भारत की प्रगति को पचा नहीं पा रहे हैं। जब देश आर्थिक और सामाजिक मोर्चे पर नई ऊँचाइयों को छू रहा है, तब विपक्ष आधारहीन और अपमानजनक बयानबाजी का सहारा ले रहा है। देश की जनता कांग्रेस की इस 'सनसनाहट' और 'बौखलाहट' को देख रही है और आने वाले समय में इसका उचित जवाब देगी। अपेक्स बैंक अध्यक्ष गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की वैश्विक साख लगातार बढ़ रही है। आज दुनिया भर में भारत के बजट की सराहना हो रही है।

## विश्व कैंसर दिवस पर किया गया वॉकाथॉन का आयोजन

**रायपुर, 5 फरवरी।** विश्व कैंसर दिवस के उपलक्ष्य में रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल द्वारा 3 और 4 फरवरी को कैंसर जागरूकता और सामुदायिक स्वास्थ्य से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस क्रम में 3 फरवरी को रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल परिसर में निःशुल्क ब्रेस्ट कैंसर स्क्रीनिंग कैंप आयोजित किया गया, जिसका नेतृत्व डॉ. रवि जायसवाल सिनियर कंसल्टेंट, आंकोलॉजिस्टिक ने किया।

इस निःशुल्क जांच शिविर में कुल 150 मरीजों ने ब्रेस्ट कैंसर जांच की सुविधा का लाभ लिया। 4 फरवरी को अस्पताल द्वारा कैंसर जागरूकता वॉकाथॉन का आयोजन किया गया, जिसमें अस्पताल के स्टाफ नर्सिंग टीम एवं कैंसर वॉरियर्स को मिलकर लगभग 600-700 लोगों ने भाग लिया। इस वॉकाथॉन का उद्देश्य कैंसर के



प्रति जागरूकता फैलाना तथा समय पर जांच और इलाज के महत्व को रेखांकित करना था। वॉकाथॉन के बाद कैंसर सर्वाइवर मीट का आयोजन किया गया, जिसमें कैंसर से जंग जीत चुके कैंसर वॉरियर्स ने भाग लिया। सर्वाइवर्स ने डॉक्टरों के साथ संवाद किया और अपने इलाज के अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि किस प्रकार उपचार के बाद वे दोबारा सामान्य जीवन में लौटे और जीवन के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ.रवी जायसवाल ने कहा, ब्रेस्ट कैंसर आज महिलाओं में तेजी से बढ़ती हुई एक गंभीर बीमारी बनता जा रहा है। इसकी सबसे बड़ी चुनौती यह है कि शुरुआती लक्षणों को अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है।

## मोह-माया त्यागकर 8 लोग निकले वैराग्य की राह पर

**रायपुर, 5 फरवरी।** राजधानी रायपुर से जैन समाज के 8 लोग सांसारिक जीवन त्यागकर वैराग्य जीवन की राह पर निकल पड़े हैं. इनमें कपड़ों का कारोबार करने वाले आशीष सुराना के साथ उनकी पत्नी रितु सुराना और उनके दोनों बेटे आर्यन और आरूष शामिल हैं. ये सभी 8 फरवरी को मुम्बई में जैन दीक्षा ग्रहण करेंगे. नगर के युवा सुश्रावक यश संकलेचा ने बताया रायपुर के अलग-अलग परिवारों से जुड़े इन 8 दीक्षार्थियों में उनकी 47 वर्षीय माता एकता संकलेचा और 49 वर्षीय पिता शैलेंद्र संकलेचा भी शामिल हैं. सभी दीक्षार्थियों को विदा करने के लिए बीते 2 फरवरी को रायपुर का पूरा जैन समाज रेलवे स्टेशन पर उमड़ पड़ा था. इस दौरान दीक्षार्थी आखिरी बार राजशाही वस्त्रों में नजर आए.

**धर्मनगरी रायपुर के 8 दीक्षार्थी:** शैलेंद्र संकलेचा, (49), एकता संकलेचा (47), आशीष सुराना (42), रितु सुराना (40), आर्यन सुराना (16), आरुष सुराना (14), सुरभि भंसाली (26), और तनिष सोनिगरा (13)



## प्रदेश में लहराएगा भगवा बनेगी सनातनी सरकार

**रायपुर, 5 फरवरी।** भगवा पार्टी छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष देवेश मिश्रा ने कहा है कि



भारतीय गण वार्ता पार्टी (भगवा) का मुख्य उद्देश्य पूरे छत्तीसगढ़ में सनातन धर्म का प्रचार प्रसार कर सभी सनातनी भाई बहनों को एकत्रित करना, सनातनी सरकार बनाना, आपसी भाईचारा, सद्भाव बनाकर जाति वर्ग से परे सर्वत्र शांति और सनातनियों को सुरक्षा व विकास के मार्ग पर आगे बढ़ाना, धर्मान्तरण, लव जिहाद रोकना, गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करना, अखंड भारत की परिकल्पना को साकार करना है।

सर्वविदित है कि जिन आशाओं के अनुरूप सभी सनातनी हिन्दू भाई बहनों ने कांग्रेस पार्टी को छोड़कर भारतीय जनता पार्टी को अपना समर्थन दिया और सरकार बनाई, लगातार लोकसभा व नगरीय निकाय चुनावों में भी भरपूर समर्थन दिया, परन्तु भारतीय जनता पार्टी सरकार ने लोगों की भावनाओं से छलने का कार्य किया है, आम जनता की समस्याओं से निजात दिलाना तो दूर, उसके विपरीत महंगाई, शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार, इंफ्रा के क्षेत्र में गलत नीतियों से जनता त्रस्त हो चुकी है। आम जनता में असुरक्षा, चरमराई कानून व्यवस्था, धर्मान्तरण, लव जिहाद हर क्षेत्र में भ्रष्टाचार, लापरवाह सुस्त अकर्मण्य भाजपा सरकार की पहचान बन चुकी है।

**नियमों की धज्जियां / राजधानी की सड़कों पर स्टंट, पुलिस कमिश्नर प्रणाली को दिखाया ठेंगा**

# कवासी लखमा का कानून तोड़कर स्वागत



**रायपुर, 5 फरवरी।** शराब घोटाले के आरोपी पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा के जेल से बाहर आने के बाद निकाले गए कानून तोड़ जमानती जुलूस ने राजधानी में लागू पुलिस कमिश्नर प्रणाली को ठेंगा दिखा दिया। प्रदेश सरकार व भाजपा को चिढ़ाने के लिए निकाली गई इस विजय रैली ने राजधानी की यातायात व्यवस्था और ट्रैफिक नियमों की धज्जियां उड़ा दी। पुलिस इस अराजक हरकत के सामने बेबस ठगी सी खड़ी रही।

जुलूस और लखमा के भव्य स्वागत को देखकर ऐसा लग रहा था मानो वे जमानत पर नहीं बल्कि निर्दोष बरी हुए हैं। उनके जुलूस से आम लोगों को भारी परेशानी हुई। जबकि लखमा इन्हीं जन के नेता हैं। जुलूस का नजारा देखीए। लग्जरी गाडियों में सवार उनके समर्थक स्टंटबाजी कर रहे थे। जान हथेली पर रखकर वाहनों के बाहर लटक रहे थे। खिड़कियों से सिर निकालकर जानलेवा प्रदर्शन कर रहे थे। सनरूफ से सिर निकाल कर नारेबाजी कर रहे थे। कई वाहनों की गति तो काफी तेज थी। थोड़ी सी चूक से बड़ा हादसा हो सकता था। राजनीतिक हुड़दंग करने वाले दोपहिया में सवार लखमा के समर्थक न हेलमेट लगाए थे और नहीं कार चालक सीट बेल्ट लगाए थे। ट्रैफिक नियमों की खुलकर धज्जियां उड़ाई गई। पुलिस कमिश्नर सिस्टम लागू होन के बाद नियमों में सख्ती कानून तोड़ने वालों पर कड़ी कार्रवाई जैसे अधिकारियों के दावे हवा में उड़ा दिए गए। एक तरह से रायपुर की सड़कों में लखमा समर्थकों ने शक्ति प्रदर्शन किया। यही गलती अगर आम शहरी करते तो उसे पुलिस चालान थमा देती है।

# कबड्डी हमारी संस्कृति की पहचान : तिवारी




**रायपुर, 5 फरवरी।** ग्राम नेवनारा में एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन बड़े उत्साह और खेल भावना के साथ किया गया। इस प्रतियोगिता में आसपास के गांवों की कई टीमों ने भाग लिया, जिससे पूरे क्षेत्र में खेल का माहौल देखने को मिला। ग्रामीणों, युवाओं और खेल प्रेमियों की भारी उपस्थिति ने आयोजन को यादगार बना दिया। मुख्य अतिथि योगेश तिवारी ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि कबड्डी जैसे पारंपरिक खेल हमारी सांस्कृतिक पहचान हैं। ये खेल न केवल शारीरिक ताकत बढ़ाते हैं, बल्कि मानसिक मजबूती, अनुशासन, रणनीति और टीम वर्क की भावना भी विकसित करते हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे मोबाइल और नशे जैसी बुरी आदतों से दूर रहकर खेलों को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं।

उन्होंने यह भी कहा कि ग्रामीण स्तर पर इस प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित होना बेहद सराहनीय है, क्योंकि इससे छिपी हुई प्रतिभाओं को आगे आने का मंच मिलता है और युवा सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ते हैं। पूरे दिन चले मुकाबलों में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। रोमांचक मुकाबलों और जोरदार तालियों के बीच दर्शकों का उत्साह देखते ही बन रहा था। निर्णायकों द्वारा निष्पक्ष निर्णय दिए गए, जिससे प्रतियोगिता की गरिमा बनी रही।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26